प्रत्यार्थी कमांक 07-यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्रा. लि. को देश बन्धु दैनिक समाचार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आर.सी.ए.-12/22 पर्वत सिंह विरूद्ध रामविशाल वगैरह, अपील अंतर्गत धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत पेश किया गया है जो कि प्रत्यार्थी क्रमांक 07-यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्रा. लि. की उपस्थिति हेतु नियत है। अतः प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण इस न्यायालय में पेशी दिनांक 18/08/2025 को प्रत्यार्थी क्रमांक 07-यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्रा. लि. की उपस्थिति हेतु नियत है। इसलिए नियत पेशी दिनांक 18/08/25 को प्रत्यार्थी क्रमांक 07- यूरो प्रतीक इस्पात इडिया प्रा. लि. स्वयं अथवा मार्फत अधिवक्ता के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराये। यदि उक्त नियत पेशी दिनांक को प्रत्यार्थी क्र.-07 स्वयं या मार्फत अधिवक्ता उपस्थित नहीं होते हैं या कोई जबाव, आपत्ति पेश नहीं करते तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत पेशी दिनांक 18/08/25 को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

यह आज तारीख 14/07/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मृद्रा लगा कर दिया गया है।

(श्याम सुंदर झा)
जिला न्यायाधीश (प्रथम)
सिहोरा जिला-जबलपुर म.प्र.

### In The Court of IV, Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur

presiding Officer: संध्या गर्ग

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रं. (MJC SUC/ 0000097/2025)

वासु विश्वकर्मा ...........आवेदक
Vs
आम जनता ...........अनावेदक

Process Id-/2025
पेशी दि.:-15/09/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर मध्यप्रदेश
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वासु विश्वकर्मा पता म.नं. 428, पश्चिम नर्मदा कालोनी फेस-3 जबलपुर म.प्र. ने मृतक स्व. श्रीमती इंदू विश्वकर्मा निवासी शास्त्री नगर, जबलपुर (म.प्र.) की अनुकंपा नियुक्ति हेतु राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 15 सितम्बर 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 15 सितम्बर 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 05 अगस्त 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने हेतु की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(संध्या गर्ग)
चतुर्थ सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)
जबलपुर (म.प्र.)

र.नं. 1482

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भवन/भूखण्ड हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर स्थित भूखण्ड क्रमांक 182 श्री राजेन्द्र राव खण्डारे पिता श्री दुर्गा प्रसाद खण्डारे को आंवटित है। आवंटी श्री राजेन्द्र राव खण्डारे पिता श्री दुर्गा प्रसाद खण्डारे से प्राप्त आवेदन/संयुक्त शपथ पत्र एवं निधारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भूखण्ड श्री मोती लाल केवट पिता श्री मनोहर केवट के नाम हस्तांतरण कि कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूखण्ड हस्तांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर स्थित भूखण्ड क्रमांक - 182 श्री मोती लाल केवट पिता श्री मनोहर केवट के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

कृति

### PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, A MURLI DHARAN S/o Shri. M Arul Uthayam, R/o H.No. 49, Maa Narmada Prime, Kajarwara Road, Bilhari, Police Station Gorabazar, Jabalpur (M.P.) 482001 declare that name of mine has been wrongly written as ARUL MURLIDHARAN in my Aadhar Card No. 868902283623, Pan Card No. HLQPM9143C and My Passport No. V7522004. The actual name of mine is A MURLI DHARAN which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

A MURLI DHARAN
(Signature)

कृति

### न्यायालय- आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय कोर्ट कं.- 67. जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला जबलपुर म.प्र.

प्रकरण क.- 106/2025/फेटल (मिस.)
मूल प्रकरण क-165/2022/फेटल
सीमा मरावी विरूद्ध संतोष साहू

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण कमांक- प्रकरण क. 106/2025/फेटल (मिस.) में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मृतक स्व. श्री अनिल मरावी की मृत्यु नियोक्ता / संतोष साहू के नियोजन के दौरान घटित दुर्घटना के परिणाम स्वरूप दिनांक 16/01/2019, को मृत्यु हो गयी है। नियोक्ता/बीमा कं- नेशनल इश्योरेंस कंपनी ने क्षतिधन राशि रूपये 12,42,197/- बारह लाख बयालीस हजार रूपये मात्र), न्यायालय में जमा कराये हैं। उपरोक्त जमा क्षतिधन राशि के वितरण हेतु आश्रितों की जाँच व साक्ष्य हेतु दिनांक 04.09.2025 नियत की गई है। उपरोक्त प्रकरण में मृतक स्व.श्री अनिल मरावी, के जो भी व्यक्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि. 1923 की धारा 2 (डी) के अन्तर्गत आश्रितों की श्रेणी में आते हो वे दिनांक 04.09.2025 को 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर आश्रित होने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पेश करे साथ ही पहचान सम्बन्धी दस्तावेज परिचय पत्र, आधार कार्ड, परिवार पत्र, बैंक की पास बुक, ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र पेश करे तथा आश्रितों के फोटो शासकीय अधिकारी व नोटरी से प्रमाणित करवा कर पेश करे नाबालिग बच्चे हो तो उनकी स्कूल की अंकसूची साथ लावे। आज दिनांक 05/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

(श्री जगमोहन सिंह) कमिश्नर
श्रम न्यायालय , जबलपुर

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भवन/भूखण्ड हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर स्थित भूखण्ड क्रमांक 181 श्री नितेश राव खण्डारे पिता श्री राजेन्द्र राव खण्डारे को आंवटित है। आवंटी श्री नितेश राव खण्डारे पिता श्री राजेन्द्र राव खण्डारे से प्राप्त आवेदन / संयुक्त शपथ पत्र एवं निधारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भूखण्ड श्रीमती मुन्नी बाई केवट पति श्री मनोहर केवट के नाम हस्तांतरण कि कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूखण्ड हस्तांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर स्थित भूखण्ड कमांक -181 श्रीमती मुन्नी बाई केवट पति श्री मनोहर केवट के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

कृति

### आम सूचना

सर्वसाधारण व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक चाहे वह शासकीय, अर्द्धशासकीय या प्राईवेट हो, को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार प्रिया पति श्री नरेन्द्र कुमार सेन (पूर्व नाम सविता पिता रमेश प्रसाद) के संयुक्त स्वामित्व, अधिपत्य व मालकियत की संपत्ति जो कि ग्राम टेमर, प.ह. टेमर, तहसील रांझी जिला जबलपुर स्थित खसरा नंबर 166 रकवा 0.4090 हेक्टेयर भूमि के भाग की यूनिक आई.डी.नं. 1174744315 है, उक्त भूमि के राजस्व रिकार्ड में मेरी पक्षकार का विवाह पूर्व नाम सविता पिता रमेश प्रसाद अंकित है किन्तु मेरी पक्षकार का विवाह हो जाने से मेरी पक्षकारा का नाम प्रिया पति नरेन्द्र कुमार सेन हो गया है तथा मेरी को वर्तमान में प्रिया पति नरेन्द्र कुमार सेन के नाम से जाना पहचाना जाता है व विवाह के उपरांत के सभी दस्तावेजों में भी उसका नाम प्रिया पति नरेन्द्र कुमार सेन दर्ज है, सविता पिता रमेश प्रसाद एवं प्रिया पति नरेन्द्र कुमार सेन मेरी ही पक्षकार के नाम हैं।

जबलपुर, दिनांक 07.08.2025

फारान अहमद सिद्दीकी (अधिवक्ता)
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर
कार्यालय / निवास-
199, बड़ी ओमती, जबलपुर म.प्र.
मो.नं. 9300498002

र.नं. 1485

### न्यायालय- आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय कोर्ट कं.- 67. जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला जबलपुर म.प्र.

प्रकरण क.- 99/2025/फेटल (मिस.)
मूल प्रकरण क -148/2019/फेटल
पुष्पा बाई विरूद्ध सुभाष चौरसिया

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण कमांक प्रकरण क. 99/2025/फेटल (मिस.) में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मृतक स्व. श्री जगमोहन मिश्रा, की मृत्यु नियोक्ता / सुभाष चौरसिया, के नियोजन के दौरान घटित दुर्घटना के परिणाम स्वरूप दिनांक 29/01/2016, को मृत्यु हो गयी है। नियोक्ता/बीमा क. इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने क्षतिधन राशि रूपये 7,00,000/- सात लाख रूपये मात्र), न्यायालय में जमा कराये हैं। उपरोक्त जमा क्षतिधन राशि के वितरण हेतु आश्रितों की जाँच व साक्ष्य हेतु दिनांक 04.09.2025 नियत की गई है। उपरोक्त प्रकरण में मृतक स्व. श्री जगमोहन मिश्रा,, के जो भी व्यक्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि. 1923 की धारा 2 (डी) के अन्तर्गत आश्रितों की श्रेणी में आते हो वे दिनांक 04.09.2025 को 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर आश्रित होने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पेश करे साथ ही पहचान सम्बन्धी दस्तावेज परिचय पत्र, आधार कार्ड, परिवार पत्र, बैंक की पास बुक, ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र पेश करे तथा आश्रितों के फोटो शासकीय अधिकारी व नोटरी से प्रमाणित करवा कर पेश करे नाबालिग बच्चे हो तो उनकी स्कूल की अंकसूची साथ लावे। आज दिनांक 05/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

(श्री जगमोहन सिंह) कमिश्नर
श्रम न्यायालय , जबलपुर

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भवन हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक LIG-02 श्रीमती रुकसाना बेगम पति मो. श्री अनवर खान के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07.04.2006 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्रीमती रूकसाना बेगम पति मो. श्री अनवर खान ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 01.07. 2025 के माध्यम से श्री शुभम गुप्ता पिता श्री राम गोपाल गुप्ता को विक्रय किया है। श्री शुभम गुप्ता पिता श्री राम गोपाल गुप्ता द्वारा उक्त भूखण्ड अपने नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

कृति

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बरगी पटवारी हल्का नंबर -75 राजस्व निरीक्षक मंडल पोंडा तहसील मझौली जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 452/1 रकवा 2.05 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 472/2 रकवा.10 हेक्टेयर में राम कुमार मिश्रा वल्द दादू लाल मिश्रा साकिन बरगी का नाम फर्जी व कूटरचित दस्तावेज के आधार पर न्यायालय नायब तहसीलदार पोंडा के राजस्व प्रकरण क्रमांक 89/अ-6-अ/2005-06 आदेश दिनांक 26/08/06 के अनुसार वर्ष 06-07 में विधि विरुद्ध ढंग से खसरा में दर्ज हुआ है उक्त पारित आदेश को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिहोरा द्वारा अपील राजस्व प्रकरण कृमांक 0065/अ-6-अ/2011-12 आदेश दिनांक 05/08/2015 को निरस्त कर दिया गया है जिसके आधार पर वादग्रस्त वर्णित खसरों से राम कुमार का नाम अलग किया जाना सुनिश्चित है संबंधित वादग्रस्त वर्णित खसरों के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में भी याचिका लंबित है जिसमें राम कुमार स्वयं याची है उक्त याचिका का क्रमांक W.P.no. 23949/2021 है।

अतः वर्णित वादग्रस्त खसरों के अंश का जिस किसी के द्वारा भी दिनांक 05/08/2015 के पश्चात से आज दिनांक 20/7/25 तक क्रय किया गया है तथा निर्माण किया गया है एवं इसके बाद भी क्रय किया जायेगा इस हेतु मात्र क्रेता एवं विक्रेता स्वयं ही जवाबदार रहेंगे इस बाबद हम किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे यदि उक्त वादग्रस्त भूमि के हक व कब्जा आदि से सम्बन्धित किसी भी व्यक्ति के द्वारा वाद विवाद लड़ाई झगड़ा दंगा फसाद किया जायेगा तो वह स्वयं जवाबदार रहेगा।

शिव नारायण मिश्रा पिता स्वर्गीय श्री आदित्य प्रसाद मिश्रा एवं अन्य निवासी ग्राम बरगी तहसील मझौली जिला जबलपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्र. 0806/ अ-6/2025-26

आवेदक शंकरलाल अहिरवार व अन्य पिता स्व. मिठ्ठूलाल अहिरवार निवासी- 629 ठक्कर ग्राम वार्ड द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र/ वसीयत क्र./दानपत्र क्र... दिनांक... के माध्यम से मौजा गोहलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 393 रकवा 2080, 1500 वर्गफुट पर फौत/ स्व. श्री मिठ्ठूलाल मृत्यु दिनांक 3/7/2009 मृत्यु उपरांत पुत्र शंकरलाल व अन्य के नाम से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 21/8/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 04/08/2025 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक- 04/08/2025
पेशी दिनांक- 21/08/2025

नायब तहसीलदार,
तहसील अधारताल जबलपुर

र.नं. 1483

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी/ दण्डाधिकारी अनुभाग रांझी, जबलपुर

पत्र क्र. 167/ री/ अ.वि.अ./रांझी/ 2025
जबलपुर, दिनांक- 31/07/2025

// आम इश्तहार //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वीरेन्द्र सिह अध्यक्ष विवेकानंद शिक्षा विकास समिति जबलपुर द्वारा आवेदन श्रीमान् कलेक्टर महोदय जबलपुर। के समक्ष प्रस्तुत कर ग्राम राँझी प.ह.नं. रांझी तहसील रांझी जिला जबलपुर के खसरा नं. 142 रकवा 1.6600 हेक्टेयर भूमि की मांग की गयी है। अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राँझी तहसील राँझी जिला जबलपुर में कक्ष क्रमांक 6 में दिनांक 22/8/2025 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनाँक 31/07/2025 को जारी।

जारी दिनांक 01/08/25
पेशी दिनांक 20/8/25

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
राँझी जबलपुर (म.प्र.)

### न्यायालय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र.

आर.सी.एस.बी. 46/2025
अनुरूद्ध पाठक वि0 अनुरूद्ध तिवारी
पेशी.. 30/08/2025

प्रेषिति- अनुरूद्ध उर्फ अनिरूद्ध तिवारी उम्र 41 वर्ष पताः- ग्राम लडोइ पो. मझौली तह. मझौली जिला जबलपुर म.प्र.

सूचित किया जाता है। कि अनुरूद्ध प्रसाद पाठक उम्र 66 वर्ष पिता रामभजन पाठक निवासी काली माता मंदिर के पास न्यू कुदवारी अमखेडा वार्ड नंम्बर 74 न्यू वार्ड अमखेडा जबलपुर म.प्र. ने इस न्यायालय में ग्राम लडोइ ह.न. 31 रा. नि. मं. मझौली तह. मझौली जिला जबलपुर स्थित ख. नं. 48 रकवा 083 हे. भूमि को कूटरचना कर विक्रय पत्र दिनांक 22.08.2024 को शून्य घोषित एवं वादी पर बंधनकारी नहीं है घोषणा बाबद दावा पेश किया है इस न्यायालय में दिनांक 30.08.2025 को अनुरूद्ध तिवारी प्रति 1 की उपस्थिति हेतु नियत है। यदि पेशी दिनांक को आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं होते है या जवाब आपति पेश नहीं करते तो आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यह आज तारीख 18/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। उपस्थित नहीं होते है या आपत्ति पेश नहीं करते तो न्यायालय द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही हो की जावेगी)

सुश्री दीपशिखा दांगी
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सिहोरा जि. जबलपुर म.प्र.

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं साक्षी सिंह (SAKSHI SINGH) उम्र 24 वर्ष पिता श्री सुरेन्द्र सिंह सेंगर, (SURENDRA SINGH SENGAR) निवासी- बबीता निवास, शुक्ला बेल्डिंग के सामने, पटेल नगर, महाराजपुर, अधारताल, जिला जबलपुर मध्य प्रदेश-482004 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि:- मेरा आधार नं. 4718 9227 4611 है। 1 . यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम साक्षी सिंह (SAKSHI SINGH) दर्ज है। 2. यह कि मेरे पास पोर्ट में जिसका क्रमांक- v5323966 जिसकी जारी करने की तिथि 03/03/2022 एवं समाप्ति तिथि 02/03/2032 है। 3. यह कि उपरोक्त पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम साक्षी सिंह सेंगर दर्ज हैं। 4. यह कि मेरे आधार कार्ड जिसका नं. 4718 9227 4611 है एवं पेन कार्ड जिसका पेन नं. QOUPS8486G में एवं मेरे स्कूल के समस्त अंकसूची एवं दसवी की अंकसूची जिसका अनुक्रमांक नं. 4028465 एवं जिसका रजिस्ट्रेशन नं. M615/06986/0014 और कॉलेज दस्तावेजों में मेरा नाम साक्षी सिंह (SAKSHI SINGH) पिता श्री सुरेन्द्र सिंह सेंगर, (SURENDRA SINGH SENGAR) दर्ज हैं। 5. यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम साक्षी सिंह सेंगर (SAKSHI SINGH SENGAR) दर्ज है परन्तु मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड जिसका पेन नं. QOUPS8486G में एवं मेरे स्कूल के समस्त अंकसूची और कॉलेज दस्तावेजों में मेरा नाम साक्षी सिंह (SAKSHI SINGH) पिता श्री सुरेन्द्र सिंह सेंगर, (SURENDRA SINGH SENGAR) दर्ज हैं। 6. यह कि महोदय जी से मेरा निवेदन है कि मेरा नाम साक्षी सिंह (SAKSHI SINGH) पिता श्री सुरेन्द्र सिंह सेंगर, (SURENDRA SINGH SENGAR) जो मेरे सभी स्कूल की अंकसूची एवं मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड, और समस्त शासकीय दस्तावेजों में नाम दर्ज है यही नाम से मुझे जाना व पहुंचा और पढा जावें।

दिनांक 7.8.2025 र.नं. 1480

### न्यायालय तहसीलदार रांझी , जबलपुर

वसीयत

रा.प्र.क्रं/573/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल मेहता/ स्व. श्री ए.डी. मेहता नि.- 2960 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड चंदन कॉलोनी ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. .... निर्मित रकवा/रकवा 2200 व.फु./ अवि. हिस्सा... व.फु./ हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा/ दान पत्र/वारसान हक/ दिनांक 28/07/2000 मृत्यु दिनांक 23/01/2024 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र ....खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ....प्लाट नं. .... निर्मित रकवा/रकवा 2200 व.फु./ अवि. हिस्सा... ग्राम रांझी प.ह.नं. 22 खसरा नं. 244/2-3, 244/11/12/13 रकवा 2200 व.फु.हे. श्रीमति पट्टू राजगोपाल जोजे टी.आर. राजगोपाल सा. रांझी के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 11/08/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 24/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-22/07/2025
पेशी दिनांक-11/08/2025

तहसीलदार
रांझी जबलपुर

कृति

### न्यायालय तहसीलदार रांझी , जबलपुर

फौती

रा.प्र.क्रं/521/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संध्या शुक्ला/जगन्नाथ प्रसाद शुक्ला नि.- 1359/1 गंगानगर स्वेता संगीत विद्यालय के बाजू से गढ़ा ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. .... निर्मित रकवा/रकवा 0.1290 व.फु./ अवि. हिस्सा... विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा/ दान पत्र/वारसान हक/ दिनांक ...... मृत्यु दिनांक 08/09/1977, 21/08/2017 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र ....खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ....प्लाट नं. .... निर्मित रकवा/रकवा 0.1290 व.फु./ अवि. हिस्सा... ग्राम रांझी प.ह.नं..... खसरा नं. 94/61 रकवा 0.1290 व.फु.हे. कृष्णा बाई बेवा जगन्नाथ संजय शुक्ला बल्द जगन्नाथ प्रसाद सा.- जबलपुर के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 11/08/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 22/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-22/07/2025
पेशी दिनांक-11/08/2025

तहसीलदार
रांझी जबलपुर

र.नं. 1484

जबलपुर, शुक्रवार 08 अगस्त 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल गांधी ने बम फोड़ दिया

1 अगस्त को राहुल गांधी ने चेतावनी दे दी थी कि उनके पास चुनाव में वोट चोरी के पक्के सबूत हैं। जब वे इन्हें सार्वजनिक करेंगे तो एटम बम फूटेगा। सात अगस्त की दोपहर जब राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे पर प्रेस कांफ्रेंस की, तो वाकई बड़ा धमाका हो गया। इस प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के ही आंकड़ों के जरिए साबित कर दिया कि कर्नाटक की एक विधानसभा सीट में किस तरह 1 लाख से ज्यादा फर्जी वोट पड़े हैं। राहुल गांधी का दावा है कि जिस तरह केवल इस एक सीट पर धांधली की गई है, वह असल में एक आसान तरीका है, जो पूरे देश में कहीं भी आजमाया जा सकता है, बल्कि आजमाया जा चुका है।

राहुल गांधी ने इस प्रेस कांफ्रेंस को 'वोट चोरी' का शीर्षक दिया। जिसमें मीडिया के सामने उन्होंने दिखाया कि भाजपा बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में छह में पिछड़ गई, लेकिन महादेवपुरा में उसे एकतरफा वोट मिला। श्री गांधी ने महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची के पूरे आंकड़े पत्रकारों के सामने पेश किए। 7 फीट से ऊंचे मतदाता सूची के इस पुलिंदे की पूरी पड़ताल में कांग्रेस की एक टीम को कुल छह महीने का समय लगा है। अगर कागज की जगह ये सूची चुनाव आयोग की तरफ से डिजीटली और वह भी मशीन के पढ़ने योग्य फार्म में उपलब्ध कराई जाती, तो शायद यह पड़ताल आसान होती। मगर राहुल गांधी का दावा है कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों को 'मशीन के पढ़ने योग्य' (मशीन रीडेबल) डेटा उपलब्ध नहीं करा रहा है ताकि ये सब पकड़ा नहीं जा सके। फिर भी कांग्रेस ने अभी एक ही संदिग्ध नतीजे वाली सीट का विश्लेषण किया तो हतप्रभ करने वाले आंकड़े सामने आए हैं। भाजपा द्वारा जीती गई इस सीट पर 1,00,250 मतों की चोरी की गई, ऐसा कांग्रेस का दावा है।

इन एक लाख दो सौ पचास मतों के विश्लेषण में सामने आया कि 11,965 डुप्लीकेट वोटर बनाए गए, 40,009 फर्जी पतों का इस्तेमाल हुआ, 10,452 वोटर बड़ी संख्या में एक ही पते पर रजिस्टर किए गए, 4,132 वोटर बिना फोटो या अवैध फोटो के साथ जोड़े गए, 33,692 नए वोटर फॉर्म-6 का गलत इस्तेमाल कर जोड़े गए। एक ही पते पर कहीं 40 कहीं 50 लोगों के वोटर आईडी बने हैं। एक ही नाम से कई मतदाता पहचान पत्र बने हैं, जिनमें कहीं कर्नाटक, कहीं महाराष्ट्र, कहीं उत्तरप्रदेश का पता दर्ज है। कई जगहों पर नाम एक थे, फोटो अलग-अलग थे। कई कार्ड्स में मकानों के पते पर शून्य लिखा है। कई में पिता के नाम पर अंग्रेजी के अक्षर अजीबोगरीब क्रम में लिख दिए गए हैं। फार्म 6, जिसके उपयोग से नए मतदाताओं के कार्ड बनते हैं और फिर उनका नाम वोटर लिस्ट में आता है, इस फार्म 6 के तहत 70, 80 साल के मतदाताओं के कार्ड भी बने हैं, जबकि कायदे से इसमें 18 साल वाले वोटर होने चाहिए। इस तरह के फर्जीवाड़े से महज एक सीट पर लाख से अधिक वोट बढ़ाए गए और मजे की बात ये है कि यहां भाजपा की जीत हुई है।

अकाट्य तथ्यों और सबूतों के साथ राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की धांधली का उदाहरण देश के सामने पेश कर दिया। फिर अपनी बात दोहराई कि जो खेल इस एक सीट पर हुआ है, उसी तरह की आशंकाएं महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों में भी बनी हैं। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को जीत की उम्मीद थी, एक्जिट पोल भी यही दर्शा रहे थे। सत्ता पर बैठे हर राजनैतिक दल के खिलाफ एंटी इनकमबेंसी सामान्य बात है, लेकिन भाजपा इससे हमेशा कैसे बच निकल रही है, इसका पूरा खुलासा राहुल गांधी ने किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में धांधली की बात हम पहले भी कहते थे, लेकिन पूरे तथ्य नहीं थे, इसलिए झिझकते थे। मगर अब राहुल गांधी ने यह कहने में कोई संकोच नहीं किया कि विपक्ष कभी न कभी सत्ता में आएगा और तब हर छोटे-बड़े जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई होगी।

कायदे से इस समय तीनों चुनाव आयुक्तों को अपना इस्तीफा देकर इस धांधली की स्वतंत्र जांच का रास्ता तैयार करना चाहिए। क्योंकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के उसके दावे पर ये एक लाख 250 फर्जी वोट सवाल उठा रहे हैं। मगर हमेशा की तरह राहुल गांधी को ही कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा ने तो चुनाव आयोग की तरफ से जवाब देना शुरु कर ही दिया है। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर अपात्र मतदाताओं के जुड़े और पात्र मतदाताओं के नाम हटाने के आरोप पर शपथ पत्र मांगा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राहुल गांधी और कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को शुक्रवार 1 से 3 बजे तक मिलने का समय भी दिया है। जब इस बारे में राहुल गांधी से सवाल हुए तो उन्होंने दो टूक कह दिया कि 'मैं एक राजनेता हूं। मैं लोगों से जो कहता हूं वह मेरा वचन है। मैं इसे सार्वजनिक रूप से सभी से कह रहा हूं। इसे शपथ के रूप में लें। यह उनका डेटा है, और हम उनका डेटा दिखा कर रहे हैं। यह हमारा डेटा नहीं है। यह चुनाव आयोग का डेटा है।

राहुल गांधी के इस बड़े खुलासे के बाद अब चुनाव आयोग के पाले में गेंद चली गई है कि वह या तो इन सबूतों को गलत साबित करे या फिर गलती की जिम्मेदारी स्वीकार करे। अगर चुनाव आयोग ऐसा नहीं करता है, तो फिर राहुल गांधी का यह आरोप भी पुख्ता होगा कि नरेन्द्र मोदी जिन 25 सीटों के कारण प्रधानमंत्री बने हैं, वे भी संदिग्ध हैं। लोकसभा के साथ-साथ महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली सारे चुनावों पर अब प्रश्नवाचक निशान लग चुका है। कांग्रेस के अलावा अन्य दल भी अब चुनाव आयोग की निष्पक्षता के सबूत मांग रहे हैं।

भाजपा इस लड़ाई को निजी बनाकर राहुल गांधी पर हमला बोल रही है, लेकिन भाजपा को भी यह याद रखना होगा कि इस लोकतंत्र के कारण ही उसे सत्ता मिली है। अगर लोकतंत्र नहीं बचेगा तो क्या भारत बच पाएगा, यह गंभीर सवाल देश के सामने है। इसलिए राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा करने की जगह जो मुद्दे उन्होंने उठाए है, उस पर पूरे देश में विचार हो, माननीय सुप्रीम कोर्ट इस पर स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करे, तभी चुनाव की चोरी रोकी जा सकेगी।

# दुनिया का दादा क्यों फोड़ रहा है टैरिफ के सुतली बम?

अपनी सनक में लिए गए फैसलों से हाहाकार मचा देने के आदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लाद दिया है। पहले 25 प्रतिशत की घोषणा के बाद अब 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ बतौर पैनल्टी इसलिए लगा दिया क्योंकि भारत ने रूस से तेल ख़रीदना (कुल 80 प्रतिशत आयात का 36 प्रतिशत) जारी रखा है; और रखेगा। इसके संकेत भी दे दिए। इसके उलट भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तो यहां तक कह दिया कि अमेरिका भी तो रूस से यूरेनियम और खाद ख़रीदता है। यही सवाल जब अमेरिकी राष्ट्रपति से एक संवाददाता ने पूछा तो वे इसे सीधे ही टाल गए। 50 प्रतिशत टैरिफ पर विचार के लिए दुनिया के दादा ने भारत को तीन हफ़्तों का समय दिया है क्योंकि तब उनका एक दल ट्रेड डील पर बात करने के लिए भारत में होगा।

यह तो पता नहीं कि बातचीत क्या रुख लेगी, लेकिन अब भारत अमेरिका से पैनल्टी खाने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। ऐसा तो ट्रम्प ने युद्ध सुलगाने वाले देशों के साथ भी नहीं किया। रूस और इजराइल के आगे अमेरिका की चाल ज़रा नहीं बदलती। विस्तारवादी चीन के आगे भी आंकड़ा 30 फ़ीसदी तक पहुंचा है। भारत के साथ केवल ब्राज़ील खड़ा है जिस पर भी 50 प्रतिशत वाला बम फोड़ा गया है। वहां के राष्ट्रपति लुला डी सिल्वा ने साफ़ कह दिया है कि ब्राज़ील व्यापार के नए अवसर तलाशेगा और अपने देश के उद्योगों को राहत देगा। उधर भारत के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अभी रूस में हैं और जल्द ही विदेश मंत्री जयशंकर भी जाने वाले हैं। चीन के साथ भी भारत अपनी पॉलिसी शिफ्ट करता हुआ नज़र आ रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस माह के आख़िर में चीन जाएंगे। उनकी यह यात्रा पूरे सात साल बाद हो रही है। ऐसा क्यों हुआ कि 'अब की बार ट्रम्प सरकार' से मज़बूत हुई यह दोस्ती उस कग़ार पर पहुंच गई जहां द्विपक्षीय व्यापार इस क़दर टूटने लगा?

जवाब अंग्रेज़ी में लिखने वाले एक पद्मश्री पत्रकार के लेख में खोजा जा सकता है। अमूमन वे इस सरकार के विचार से अलग होकर कम ही लिखते हैं लेकिन इस बार उन्होंने लिखा है। लेख में सवाल है कि अमेरिका के साथ ऐसी नौबत क्यों आई? लेख के मुताबिक लगभग एक दशक से ऐसा लगता रहा था कि भारत अमेरिका का मज़बूत सहयोगी है। वाशिंगटन से मुक़ाबला करने में पाकिस्तान और बांग्लादेश हमसे बेहतर रहे जबकि हमारे यहां मोदी इकोसिस्टम तो आतंरिक सियासी संघर्ष का शिकार हो गया। सरकार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिका को यूं नहीं नकारना चाहिए था। संसद की बहस में यह ध्वनि और स्पष्ट हुई कि सरकार यह नहीं स्वीकारना चाह रही है कि ऑपरेशन सिंदूर को रोकने में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की कोई भूमिका रही। क्या हो जाता जो सरकार कह देती कि 'धन्यवाद ट्रम्प जी, पाकिस्तान को सद्बुद्धि देने और उसे खुद को विनाश से बचाने के लिए!'

पत्रकार का सवाल वाजिब है। आखिर कूटनीति इसे ही तो कहा जाता है और यहां इस बार हम चूके हैं। युद्ध का रुकना कब ग़लत हुआ है। वे लिखते हैं- 'शुरुआत में भारत नरेन्द्र मोदी की नई सरकार के साथ लगातार अपनी ताकत का प्रदर्शन कर रहा था, जो अपने चरम पर उस वक्त दिखा, जब भारत मंडपम में मोदी से हाथ मिलाने और गले लगने के लिए जी-20 देशों के शासनाध्यक्ष कतार में खड़े नजर आए। भारत दुनिया को और खास तौर से पश्चिम को उपदेश पिला रहा था। यह सब मिलकर सत्तातंत्र के विरोधाभास के दो ध्रुवों का पहला ध्रुव बनाता है। दूसरा ध्रुव तब उभरता है जब जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका, कनाडा और दबे रूप से ब्रिटेन के साथ रिश्तों में खटास उभरती है। सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर और गुरपतवंत सिंह पन्नू मसले की छाया उभरी, लेकिन ट्रूडो के कनाडा को छोड़ किसी ने कोई हंगामा नहीं खड़ा किया। पहला झटका लगा, जब तत्कालीन अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने घोषणा की कि बाइडेन को नई दिल्ली में जनवरी में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया है और गणतंत्र दिवस की परेड में मुख्य अतिथि बनने का भी न्यौता दिया गया है। उन्होंने इसे रद्द कर दिया, तो फ्रांस के राष्ट्रपति ने हमें शर्मिंदगी से बचा लिया। इस समय तक हमारा विरोधाभास उभर आया था और उसमें वृद्धि हो रही थी। एक दशक तक यही धारणा बनी रही कि पश्चिमी खेमा भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगी मानता है। चीन के साथ उत्तर-पश्चिमी और पूर्वी सेक्टरों में तनाव के दौरान अमेरिकी मदद की खामोश स्वीकृति भी उभरी। हम खुद को पश्चिम का अपरिहार्य व अनिवार्यत: स्वाभाविक सहयोगी मानकर खुश होते रहे लेकिन फिर उसके प्रति इंदिरा युग वाली चिढ़ उभरने लगी थी। लेख का अंत दिलचस्प है जो कहता है- ऐसा क्यों नहीं हुआ? क्योंकि राहुल गांधी ने संघर्षविराम होने के चंद घंटे के भीतर ही पहला वार कर दिया था कि सरकार ने मध्यस्थता स्वीकार की। राहुल गांधी सरकार को अपना एजेंडा बदलने के लिए अक्सर उकसाते रहते हैं। यह सब पीड़ित होने के गहरे भाव में और इज़ाफा ही करता है।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> **ट्रम्प की ख़ब्त का कोई ओर-छोर नहीं है। जिस टैरिफ को वे एटम बम बता कर फोड़ते हैं उसकी ताकत सुतली बम से ज़्यादा की न हो क्योंकि इसके पहले मैक्सिको और कनाडा को वे अपना 51वां राज्य बनाने का मंसूबा भी ज़ाहिर कर चुके हैं। फिर उनका ग्रीनलैंड ख़रीदने का मन भी बन गया था। डेनमार्क के डेनिश साम्राज्य के तहत ही ग्रीनलैंड एक स्वतंत्र द्वीप है और इसके नागरिकों ने ही ट्रम्प को टका सा जवाब दे दिया था।**

तब क्या वाकई सरकार विपक्ष की भूल-भुलैया में फंस जाती है। जातिगत जनगणना में भी यही हुआ। इस गणना को सर्वथा नकारने वाली सरकार ने फिर इसे कराने की ठान ली। कुछ महीने पहले बिहार में राहुल गांधी की ज़िद और ललकार ने भी सरकार को प्रेरित किया। बिहार में उन्होंने कहा था- 'पहला कदम यह पता लगाना है कि सच्ची स्थिति क्या है। जाति जनगणना को हम छोड़ने वाले नहीं हैं।'

इससे पहले भी राहुल गांधी संसद में ख़म ठोक चुके थे कि, 'अर्जुन की ही तरह उन्हें भी केवल मछली की आंख दिख रही है और वे जातीय जनगणना करा कर रहेंगे।' वे द्रोणाचार्य द्वारा गुरु दक्षिणा में एकलव्य का अंगूठा लिए जाने का उदाहरण देकर कह रहे थे कि आपने किस-किस का अंगूठा काटा है, हम यह जानकर ही दम लेंगे। भारत-अमेरिका के बीच इस तनाव की वजह जानने का एक सवाल जब एआई चैटजीपीटी से पूछा जाता है तो जवाब आता है- साल 2023 में यूएस डिपार्टमेंट ऑफ़ जस्टिस ने एक भारतीय नागरिक को पन्नू की हत्या की कोशिश का आरोपी ठहराया था और ऐसा ही एक मामला कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से भी जुड़ा देखा गया। इन घटनाओं ने विदेशी धरती पर भारतीय ख़ुफ़िया विभाग को संदेह की निगाह से देखने पर मजबूर किया। समय-समय पर अमेरिकी सरकार और मानव अधिकार संगठनों ने भी भारत में प्रेस की आज़ादी और धार्मिक स्वतंत्रता के मसलों को गंभीर माना। भारत की ओर से असहमत आवाज़ों और गैर सरकारी संगठनों पर सख्ती भी एक वजह रही। अमेरिका में विदेश नीति के केंद्र में लोकतंत्र और मानव अधिकार का नैरेटिव काम करता है, लिहाज़ा तनाव भी बढ़ा। यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में रूस से तेल ख़रीदना भी एक वजह है। बहरहाल इन तमाम कारणों से अलग राष्ट्रपति ट्रम्प जो टैरिफ का खेल चला रहे हैं, उसे खुद अमेरिकी कानून ही शक्ति का दुरुपयोग बता रहा है। पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिला देने वाले ट्रम्प का असल विरोध भी शायद उन्हीं के देश से होगा क्योंकि लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आज़ादी को वहां बुनियादी हक़ माना गया है। नोबेल पुरस्कार विजेता (2008) और अर्थशास्त्र के जानकार पॉल क्रुगमैन ने भी कह दिया है कि व्यापार को लेकर ट्रंप जो भी कर रहे हैं वह ग़ैरक़ानूनी है और आंकड़े बता रहे हैं कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब धीमी हो चली है।

वैसे ट्रम्प की ख़ब्त का कोई ओर-छोर नहीं है। जिस टैरिफ को वे एटम बम बता कर फोड़ते हैं उसकी ताकत सुतली बम से ज़्यादा की न हो क्योंकि इसके पहले मैक्सिको और कनाडा को वे अपना 51वां राज्य बनाने का मंसूबा भी ज़ाहिर कर चुके हैं। फिर उनका ग्रीनलैंड ख़रीदने का मन भी बन गया था। डेनमार्क के डेनिश साम्राज्य के तहत ही ग्रीनलैंड एक स्वतंत्र द्वीप है और इसके नागरिकों ने ही ट्रम्प को टका सा जवाब दे दिया था। ट्रम्प की यही क़ारोबारी मानसिकता पूरी दुनिया में खलबली मचा रही है जिसका कोई आधार नज़र नहीं आता। अलबत्ता एक पासा है जो जब-तब उछाल दिया जाता है। सोचिए, जो शायर अकबर इलाहाबादी इस दौर में होते तो अपनी ग़ज़ल के इस शेर में क्या कुछ बदलाव करते। काश कि कवियों जैसा थोड़ा सब्र भी इन हुक्मरानों में आया होता-

दुनिया में हूं दुनिया का तलबगार नहीं हूं,
बाज़ार से गुज़रा हूं ख़रीददार नहीं हूं।।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर शुल्क 50 फीसदी तक बढ़ाया : क्या होगा इस आदेश का असर

■ **अरुण कुमार डनायक**

6 अगस्त 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद के चलते अतिरिक्त 25फीसदी आयात शुल्क लगाने का आदेश जारी किया, जिससे कुल अमेरिकी शुल्क अब 50फीसदी हो गया।

अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और आर्थिक हितों की रक्षा हेतु जारी इस कार्यकारी आदेश में कहा गया है कि यदि रूस या कोई अन्य प्रभावित देश अमेरिका के साथ समन्वय स्थापित कर आपात स्थिति के समाधान की दिशा में कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति को आदेश संशोधित करने का अधिकार भी है, जिससे यह नीति लचीली बनती है।

इस आदेश के लागू होने की समय-सीमा 21 दिन तय की गई है, अर्थात भारत और रूस को इस अवधि के भीतर अमेरिका से बातचीत कर शुल्कों में किसी संभावित बदलाव की संभावनाएं तलाशने का अवसर मिलेगा।

> **अब देखने की बात यह है कि भारत सरकार इस चुनौती का सामना किस तरह करती है—क्या वह कूटनीतिक संवाद और विवेकपूर्ण व्यापारिक रणनीतियों के माध्यम से इसे अवसर में बदल पाएगी, या फिर अमेरिकी प्रतिबंधों के आर्थिक दबाव को मौन रूप से सहने के लिए मजबूर होगी। यही निर्णय भारत की आगामी वैश्विक भूमिका को परिभाषित करेगा।**

इस आदेश से स्पष्ट है कि अमेरिका उन देशों पर दबाव बनाना चाहता है जो यूक्रेन युद्ध के बाद भी रूसी ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं।

ट्रंप के इस कदम से भारत की आर्थिक योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। जहां एक ओर भारत ने ऊर्जा जरूरतों एवं परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात हेतु रूस से तेल खरीद जारी रखी है, वहीं अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव बढ़ने का खतरा है। यह स्थिति भारत के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकती है, खासकर जब कई अमेरिकी कंपनियां उसे चीन के विकल्प के रूप में देख रही थीं। इसका प्रतिकूल प्रभाव प्रवासी भारतीयों पर भी होगा— आयातित भारतीय वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि उनके उपभोग व्यय को बढ़ाएगी, जिससे न केवल उनकी बचत क्षमता पर असर पड़ेगा, बल्कि भारत को भेजी जाने वाली विदेशी मुद्रा में भी गिरावट आने की संभावना है।

चीन भी रूस से तेल खरीदता है, फिर भी उसे अतिरिक्त अमेरिकी शुल्कों का सामना नहीं करना पड़ा, संभवत: इसलिए कि अमेरिका-चीन के बीच व्यापार वार्ताएं जारी हैं। फिलहाल अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर शुल्क लगाए हैं, जिसके जवाब में चीन ने अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिशोधात्मक कर लगाया है।

भारत पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए दंडात्मक शुल्क ने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है और वैश्विक व्यापार, ऊर्जा-नीति और भू-राजनीतिक समन्वय को जटिल बना दिया है। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने ट्रंप के फैसले का समर्थन करते हुए उन्हें 'साहसी' और 'तार्किक' बताया, साथ ही यूरोप से भी वैसा ही रुख अपनाने की अपील की। हालांकि ऐसा कहा जा सकता है कि जॉनसन ने इस बहाने वर्तमान ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर पर कटाक्ष किया है । लेकिन यदि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ, विपक्ष व स्वदेशी के दबाव में अमेरिका की राह पर चलते हैं, तो भारत के लिए स्थिति और जटिल हो सकती है।

रूस से ऊर्जा खरीद पर अमेरिका के दबाव के बीच चीन ने पहली बार भारत का समर्थन करते हुए कहा कि उसकी विदेश नीति स्वतंत्र है। यह चीन की ओर से भारत को मिला एक दुर्लभ सार्वजनिक समर्थन है, विशेषकर ऐसे समय में जब अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापारिक टकराव की राह पर है। जो दोनों देशों के बीच संभावित रणनीतिक समीकरण का संकेत देता है।

इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी की इस महीने शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन हेतु प्रस्तावित चीन यात्रा, जो गलवान झड़प के बाद पहली होगी, अमेरिका को यह सूक्ष्म संदेश भी देती है कि भारत के पास वैकल्पिक कूटनीतिक रास्ते मौजूद हैं। इस तरह चीन द्वारा भारत को दिया गया यह समर्थन केवल एक कूटनीतिक वक्तव्य नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन में संभावित बदलाव की ओर संकेत करता है।

अब भारत को आत्मनिर्भरता और वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अपने प्रयास तेज करने होंगे। अमेरिका के टैरिफ युद्ध ने कई देशों को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार के लिए मजबूर किया है। फ्रांस, जर्मनी और कनाडा जैसे देश आर्थिक सुधार और सुरक्षा सुदृढ़ीकरण की दिशा में सक्रिय हैं। अमेरिका के आक्रामक कदमों ने अन्य देशों को सुधार का अवसर देकर सकारात्मक बदलाव की राह खोली है।

भारत ने इस बार कड़ी प्रतिक्रिया दी। भारत के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। बयान में कहा गया, 'अमेरिका स्वयं अपनी परमाणु ऊर्जा उद्योग के लिए यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र के लिए पैलेडियम, और उर्वरकों व रसायनों का रूस से आयात करता है। ऐसे में केवल भारत को निशाना बनाना अन्यायपूर्ण और तर्कहीन है।' भारत, जो अब तक अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ रणनीतिक संबंधों को प्राथमिकता देता रहा है, अब शायद यह दर्शाने की कोशिश कर रहा है कि यदि उस पर अत्यधिक दबाव डाला गया, तो वह अपनी विदेश नीति में विविधता लाने से नहीं हिचकिचाएगा।

भारत के लिए यह क्षण केवल प्रतिक्रिया का नहीं, बल्कि दूरदर्शी आत्ममंथन और रणनीतिक सशक्तिकरण का है। जब अन्य देश टैरिफ युद्ध के दबाव में भी अवसर तलाशते हुए आगे बढ़ सकते हैं, तो भारत क्यों नहीं? यह समय है जब भारत को अपने आंतरिक व्यापार को सरल और पारदर्शी बनाना, विनिर्माण क्षेत्र को नई ऊर्जा देना, वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी पकड़ मजबूत करना, और तकनीकी व नवाचार क्षमताओं को उभारते हुए वैश्विक नेतृत्व की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना चाहिए।

यदि भारत इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से एक सकारात्मक, परिवर्तनकारी रास्ता निकाल पाता है, तो यही तथाकथित 'अनपेक्षित प्रभाव' उसकी सबसे बड़ी रणनीतिक जीत सिद्ध हो सकता है।

निस्संदेह, हर संकट अपने साथ एक छिपा हुआ अवसर लेकर आता है। टैरिफ युद्ध के इस दौर में भारत को आत्मनिर्भर, सजग और रणनीतिक दृष्टि से परिपक्व बनकर न केवल वर्तमान दबावों का सामना करना है, बल्कि स्वयं को भविष्य की वैश्विक व्यवस्था में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित भी करना है।

अब देखने की बात यह है कि भारत सरकार इस चुनौती का सामना किस तरह करती है—क्या वह कूटनीतिक संवाद और विवेकपूर्ण व्यापारिक रणनीतियों के माध्यम से इसे अवसर में बदल पाएगी, या फिर अमेरिकी प्रतिबंधों के आर्थिक दबाव को मौन रूप से सहने के लिए मजबूर होगी। यही निर्णय भारत की आगामी वैश्विक भूमिका को परिभाषित करेगा।

**(लेखक गांधी विचारों के अध्येता तथा समाजसेवी हैं)**

## आपके पत्र

### प्रलोभन का परिणाम : जब प्रकृति निगलने लगती है

आज भारत के पहाड़ों से लेकर मैदानों तक, हर जगह मनुष्य का प्रलोभन ही विनाश का बीज बन चुका है। हाल की घटनाएं — उत्तरकाशी, जोशीमठ, केदारनाथ, किन्नौर या हिमाचल की तबाही— सभी हमें याद दिलाती हैं कि जब मनुष्य अपने हित में प्रकृति की रेखाएं मिटा देता है, तो नदी, पहाड़, बादल और धरती एक दिन सब कुछ वापस ले लेते हैं।

मेरे घर के पास एक छोटा सा रेस्तरां है। उसके नल से दिन-रात पानी टपकता रहता है। मैंने कई बार कहा, लेकिन उन्हें फर्क नहीं पड़ा। एक ढीला वॉशर बदलने से समस्या हल हो सकती है, लेकिन सौ-पचास रुपये की मरम्मत उनके लिए बेमतलब है। पानी बहता है, तो बहता रहे। क्या यह एक रेस्तरां तक सीमित लापरवाही है? बिल्कुल नहीं। यह प्रतीक है उस मानसिकता का जो कहती है —जो हो रहा है, होने दो। हमें क्या फर्क पड़ता है? इस सोच के कारण हर दिन लाखों लीटर पानी व्यर्थ जाता है, गाड़ियों से निकलती धुआं-संस्कृति जारी रहती है, कचरे में दम तोड़ती गायें खड़ी रहती हैं, और हिमालय की छाती पर रिसॉर्ट्स उगते रहते हैं।

भारत का हिमालय क्षेत्र न सिर्फ़ भौगोलिक, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी हमारी धरोहर है परंतु अब वह पर्यटन का बाजार बन चुका है। पहाड़ों की आत्मा शांति थी, अब वह शोर में डूब चुकी है। दो दिन की छुट्टी मिलते ही लाखों लोग सेल्फी, शराब और शोरगुल की भूख लिए हिमालय पर टूट पड़ते हैं। वे वहां शांति खोजने नहीं जाते, बल्कि वहां भी उसी बाजार को बसाना चाहते हैं जिससे भागने का दावा करते हैं। रिसॉर्ट, होटल, रेस्टोरेंट, पार्किंग, रोड—हर जगह अतिक्रमण है। पहाड़ की सीमित सहनशक्ति की कोई चिंता नहीं। जिस ज़मीन को सदियों से पेड़ों ने थामा हुआ था, वहां अब कांक्रीट की मोटी परतें बिछ गई हैं। जब बरसात आती है, तो वह ज़मीन अपने भीतर पानी को नहीं समेट पाती— परिणामस्वरूप, वही जल वेग बनकर जान लेता है।

बादल फटते हैं, बाढ़ आती है, और हम सोशल मीडिया पर दुख प्रकट करके आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन क्या हम पूछते हैं कि उस बाढ़ ने रास्ता क्यों बदला? क्या वह प्राकृतिक था या उसे रोका गया था? नदियां सदियों से बहती आई हैं, उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाया है। लेकिन जब हम घाटी में मकान बना लेते हैं, नदी के किनारे होटल ठोक देते हैं, तो वह नदी अपने रास्ते को रिक्लेम करेगी ही। उत्तरकाशी की हालिया त्रासदी में पूरा गांव बह गया। लेकिन वह गांव पहाड़ों की गोद में नहीं था— वह नदी के पाट में बना था। यह कोई आस्था नहीं थी, यह लालच था और लालच कभी भी सुरक्षित नहीं रहता। कठोर शब्द हैं, लेकिन सच यही है कि हम एक मूर्ख और संवेदनहीन समाज में तब्दील हो चुके हैं। हम आपदाओं को रोकने के बजाय उनका इंतज़ार करते हैं ताकि मीडिया को दृश्य मिलें और सरकारें मुआवज़े का तमाशा कर सकें। हमने पर्यावरण को सिर्फ़ एक 'डॉक्युमेंट' बना दिया है। नीति आयोग से लेकर नगर पंचायत तक, हर स्तर पर विकास का मतलब अतिक्रमण हो गया है। क्या यह दुखद नहीं कि पहाड़ों पर हो रही तबाही के बीच भी लोग 'डील' खोज रहे हैं — 'इस सीजन होटल सस्ते मिल जाएंगे'? क्या हमने चेतना खो दी है?

**-डॉ. प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### संसाधनों का राष्ट्रीयकरण!

*'पंडित नेहरू साम्यवादी नहीं थे। वे साम्यवाद के अच्छे पहलुओं को स्वीकार करने के लिए तैयार रहते थे, लेकिन साम्यवाद के तौर-तरीकों से उन्हें कुछ बुनियादी आपत्तियां थीं और देश के भीतर साम्यवादी दल की रीति-नीति को लेकर उन्हें बहुत से संदेह भी थे। वे एक खुले विचारों वाले व्यक्ति थे और देश के नव-निर्माण में सबसे यथायोग्य योगदान की अपेक्षा करते थे। जब देशी उद्योगपतियों ने उन्हें बॉम्बे प्लान दिया तो उसको उन्होंने बिना देखे खारिज नहीं किया। किन्तु उनकी दृढ़ मान्यता थी कि स्वतंत्र भारत में सार्वजनिक क्षेत्र प्रमुख भूमिका निभाएगा। आर्थिक गतिविधि का कोई भी आयाम हो, वे मानते थे कि उसकी कमान केन्द्र सरकार के पास होना चाहिए।'*

**(देशबन्धु में 08 नवम्बर को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/11/blog-post.html

## रक्षाबंधन 9 अगस्त पर

### क्षमा करने और स्नेह बांटने का पर्व

श्रावण मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन मनाया जाने वाला पर्व यही वह सूत्र है जिसके द्वारा बहन,भाई के दीर्घायु की कामना करती है। इस पर्व की महत्ता इस लोक में ही नहीं देवलोक में भी होने का प्रमाण हमारे धर्म शास्त्रों में मिलता है। देवराज इंद्र से लेकर राजा बलि तक अनेक पौराणिक कथाएं राखी के सूत्र से भरी पड़ी हैं। इतना ही नहीं मुगलकालीन शासकों ने भी रक्षाबंधन के पर्व को सम्मान प्रदान करते हुए उसे अपनी कलाइयों में धारण किया। रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का एक ऐसा त्यौहार है जो यह बताता है कि रिश्तों की बुनियाद खून से ज्यादा भावनाओं और विश्वास पर टिकी होती है। यह पर्व जहां भाई- बहन के रिश्ते को मजबूती देता है, वहीं समाज में सुरक्षा, कर्तव्य और सामंजस्य की भावना को भी प्रगाढ़ करता है।

रक्षाबंधन का पर्व वास्तव में देखा जाए तो एक पवित्र अनुष्ठान है , जो प्रत्येक भाई-बहन को कर्तव्यों का स्मरण कराता है। सार्वभौमिक भाईचारे का यह पर्व असीमित दृष्टिकोण एवं शांति की स्थापना करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो जाति, पंथ, आयु, लिंग, धर्म, सामाजिक- आर्थिक स्थिति, रंग और व्यक्तित्व के लक्षणों की सभी बाधाओं को तोड़ता है। रक्षा के पवित्र धागे 'राखी' से बंधे होते हैं। इसमें शांति, प्रेम,पवित्रता, ज्ञान, दया के मूल स्वभाव का संकल्प समाया होता है। रक्षाबंधन पर्व के दिन भाई-बहन एक-दूसरे से दूर रहने की स्थिति में साथ बिताए पलों को याद कर भावुकता एवं बचपन की हंसी-ठिठोली, लड़ाई- झगड़े, प्यार-स्नेह और हर तरह की उछल कूद वाली मस्ती भरी तस्वीरों में रंग भरने लगते हैं। यही इस पर्व का उल्लास कहा जा सकता है।

राखी महज एक धागा या सूत्र नहीं है , बल्कि यह एक बहन की भावनाओं, उसकी प्रार्थनाओं और भाई के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है। यही वह स्नेह बंधन है जो भाई-बहन के बीच रिश्तों की मजबूती और स्थायित्व को प्रकट करता है। एक ओर जहां बहन रक्षा का सूत्र बांधकर अपने भाई से जीवन भर की सुरक्षा का वचन मांगती है तो दूसरी ओर भाई भी अपने इस कर्तव्य को निभाने की प्रतिबद्धता का पालन करने का विश्वास दिलाता है । यह पर्व पारिवारिक सदस्यों को एक साथ आने का अवसर भी प्रदान करता है। एक दूसरे के प्रति कर्तव्यों के स्मरण बोध को भी रक्षा बंधन मजबूती प्रदान करता है। राखी का पर्व न केवल भाई - बहन के रिश्ते को बल प्रदान करता है वरन समाज में प्रेम एवं सद्भाव को भी बढ़ाता है। वर्तमान की परिस्थितियों को देखकर बड़े दु:ख के साथ कहना पड़ता है कि बदलती जीवनशैली ने हमें इतना ज्यादा व्यस्त कर दिया है कि इस दिन को छोड़कर पूरे वर्ष भर हमारे पास इतना वक्त नहीं कि बहन कैसी है? भाई क्या कर रहा है? जानने का प्रयास कर सकें। ऐसे हालात कैसे बने? इसका जिम्मेदार कौन है? काफी सिर फुटव्वल के बाद भी जवाब नकारात्मक ही है! कभी ऐसा लगता है कि यह सब समय का प्रभाव है, कभी लगता है सब अपने-अपने दायरों में कैद होकर रह गए हैं। आज की आरामतलब जिंदगी और प्रतिदिन के संघर्षों ने रिश्तों को खोखला करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भागती-दौड़ती जिंदगी में पारिवारिक रिश्तों का स्वरूप तेजी के साथ बदलता जा रहा है। एक़ परिवार में रहने वाले भाई- बहनों के बीच तकरार और तनाव की लकीरें गाढ़ी होती जा रही हैं! एक-दूसरे की तकलीफों को समझने की जरूरत महसूस नहीं की जा रही है! भाई-बहन के रिश्ते आज की स्थिति में अपने प्रभुत्व और मान-सम्मान का प्रदर्शन करते ही दिखाई पड़ रहे हैं!

**डॉ.सूर्यकांत मिश्रा**

# सकारात्मक सहयोग के प्रति सदैव कृतज्ञ रहूंगा : जस्टिस पालीवाल

## हाईकोर्ट बार द्वारा आयोजित किया गया विदाई समारोह

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस डीके पालीवाल ने कहा कि यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि मैंने यहीं से वकालत का शुभारंभ किया, यहीं एडीजे रहा फिर हाईकोर्ट जज के रूप में कार्यरत रहते हुए सेवानिवृत्त हो रहा हूं। हाईकोर्ट बार के सकारात्मक सहयोग के प्रति सदैव कृतज्ञ रहूंगा, क्योंकि मुझे मिले निश्छल सहयोग के कारण निर्बाध रूप से अपनी जिम्मेदारी पूर्ण कर सका। जस्टिस पालीवाल हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में अपने सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में भाव व्यक्त कर रहे थे।



इस अवसर पर हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे जस्टिस डीके पालीवाल एक सरल, सच्चे और ईमानदार न्यायाधीश के रूप में अविस्मरणीय रहेंगे। उनकी छवि निर्विवाद रही। उन्होंने एक न्यायाधीश के रूप में पूर्ण कर्त्तव्यनिष्ठा से प्रत्येक मामले की सुनवाई की और न्यायदान का आदर्श प्रस्तुत किया। इस दौरान हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल, एमपी स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह, हाईकोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार सचिव निखिल तिवारी व जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा सहित अन्य मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन हाईकोर्ट बार के सचिव परितोष त्रिवेदी ने किया। अंत में जस्टिस पालीवाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रारंभ में सभी ने उनका भावभीनी अभिनंदन किया।

# दूध के बढ़ाये दाम पर डेयरी संचालकों से होगी चर्चा

**जबलपुर,देशबन्धु।** दूध के रेट बढ़ाने के संबंध में शीघ्र ही डेयरी वालों से चर्चा की जायेगी तथा बैठक का भी आयोजन किया जायेगा, जिससे रेट बढ़ोत्तरी का निराकरण हो सके। यह आश्वासन आज कलेक्टर दीपक सक्सेना ने नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे को चर्चा के दौरान दिया है।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने स्वयं 1 अगस्त 2025 की स्थिति पर 15 जिलों में दूध के रेट्स की जानकारी ली तब सच्चाई सामने आयी की इन जिलों की तुलना में जबलपुर में दूध 8 से 10 रू. मंहगा है। जानकारी कलेक्टर को प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर डी.आर. लखेरा, सुशीला कनौजिया, गीता पाण्डे, उमा दाहिया तथा राममिलन शर्मा उपस्थित थे।

# सवारी बैठाने के विवाद पर ऑटो चालक की पीठ में घोंपा चाकू

## विजय नगर के दीनदयाल चौक में आधी रात को वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** विजय नगर थाना क्षेत्रांतर्गत दीनदयाल चौक में मध्यरात्रि ऑटो में सवारी बैठाने को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद दो असामाजिक तत्वों ने ऑटो चालक की पीठ में चाकू घोंप दिया। इतना ही नहीं बीच बचाव करने वाले युवक पर भी हमला किया, जिससे उसके चेहरे में भी चोटे आ गई। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि ओमती नया मोहल्ला निवासी 27 वर्षीय साहिल यादव ऑटो चलाने का काम करता है। बीती रात करीब ढाई बजे वह दीनदयाल चौक में सवारी बैठाने के लिये ऑटो लेकर खड़ा था। उसी समय अमित बेन उर्फ लाला, सित्तू सेन पहुंचे और सवारी बैठाने की बात पर उसके साथ गाली गलौज करते हुये शराब पीने के लिये पंद्रह सौ रूपये मांगने लगे। साहिल ने विरोध किया तो सित्तू सेन ने उसे पकड़ लिया और अमित बेन ने चाकू से हमला कर उसकी पीठ में चोट पहुंचा दी। इतना ही नहीं बीच बचाव करने में रोहन चौधरी के चेहरे में भी चोट आ गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गये। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# रक्षाबंधन पर माताओं-बहनों का मेट्रो सफर रहेगा फ्री

**जबलपुर,देशबन्धु।** रक्षाबंधन का त्यौहार भारतीय संस्कृति और पंचांग के अनुसार कल धूम-धाम से मनाया जायेगा। बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शहर के प्रथम नागरिक एवं प्रथम सेवक महापौर जगत बहादुर सिंह, अन्नू ने विशेष पहल करते हुए माताओं, बहनों और मातृ शक्तियों को अनूठा उपहार दिया है।

महापौर के आग्रह पर शहरी परिवहन सेवा के अंतर्गत संचालित मेट्रो बसें चलेंगी जिसमें माताओं बहनों एवं मातृ शक्तियों को किसी भी प्रकार का किराया नहीं देना पड़ेगा। महापौर ने बताया कि रक्षाबंधन को देखते हुए उन्होंने जबलपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के अधिकारियों से चर्चा की। रक्षाबंधन के अवसर पर शहरी परिवहन सेवा के अंतर्गत मेट्रो बसें नि:शुल्क चलाने पर अपनी सहमति दे दी है।

# पिछड़े वर्ग की हर प्रकार की उन्नति का दस्तावेज मंडल आयोग 7 अगस्त मंडल अधिकार दिवस सम्पन

**जबलपुर,देशबन्धु।** मंडल आयोग की शिफारसे पिछड़े वर्गों के एक चाहे वह राजनैतिक हो, चाहे वह यह सामाजिक हो और चाहे वह आर्थिक हो हर प्रकार के हक अधिकार मंडल आयोग की रिपोर्ट में है, उनमें से एक शिफारिस बी.पी. सिंह की सरकार ने लागू करने का काम किया जिससे पिछड़ों के हालत में बहुत कुछ परिवर्तन हुआ। 38 शिफारिसे मंडल आयोग की आज भी लागू नहीं है। जिसके कारण पिछड़े वर्गों के एक अधिकार उनको नहीं मिल पा रहे हैं। आयोग की शिफारसें 7 अगस्त 1990 को लागू की गई थी. इसी के उपलक्ष्य में दिसम्बर को मंडल दिवस मनाया जाता है. इसी तारतम्य में रानी दुर्गावती कलाविधीका में मंडल दिवस मनाया गया। जिसमें शिवों के विभिन्न संगतों ने सहभागिता की और अपने हक अधिकारों को लागू करने के लिए मांग की। आज के कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश यादव, बैजनाथ कुशवाहा, रामरतन यादव स्वाद देवेश चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, नोखेलाल प्रजा किशोरी लाल भलावी, इन्द्रकुमार पटेल, सुरेश बैगा, सतीश तामिया, राजेन्द्र पिल्ले सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मासिक बैठक में कोर्ट केस इन्क्रीमेंट और ओव्हर टाईम के एफीडेविट के विषय में जानकारी दी जाएगी

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन जबलपुर की मासिक बैठक हरिशंकर परसाई भवन में आज संध्या 5.00 बजे आयोजित की जायेगी, बैठक में कोर्ट केस इन्क्रीमेंट और ओव्हर टाईम के एफीडेविट के विषय में जानकारी दी जायेगी। बैठक में अध्यक्ष टी.के. रायघटक, क, महामंत्री डी.के. सिंह, अर्जुन कुमार, एस. के. श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, एच.एल. जागड़े, दिनेश चौरे, नंदकिशोर सोनकर, एम.एल. अग्रवाल, घनश्याम सोनकर, हरिसिंह, श्याम सुंदर स्वामी ने उपस्थिति की अपील की है।

# तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों की हड़ताल गलत

## कम पर नहीं लौटे तो हाईकोर्ट में दायर होगी याचिका

**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यायालयीन और गैर न्यायालयीन कार्य के लिए अलग-अलग तहसीलदारों की पदस्थापना होने पर तहसीलदार तथा साथ में नायब तहसीलदार, एस.एल.आर. सहित समकक्ष वर्ग ने राजस्व का काम बंद का हड़ताल किया है, वह गलत है, गैर कानूनी है तथा जनहित के खिलाफ है। अत: अत: तत्काल कार्यवाही करें और जनता को राहत दिलायें। इस मांग को लेकर आज नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने कलेक्टर दीपक सक्सेना से चर्चा की। अत: यदि वर्तमान हड़ताल तत्काल वापस नहीं की जायेगी तो पुन: माननीय हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जायेगा।

**हड़ताल गलत है**-कलेक्टर जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने चर्चा के उपरांत बताया कि यह हड़ताल गलत है, इससे जनता परेशान हो रहीं है, अत: कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, एड. ब्रजेश साहू, तथा राममिलन शर्मा उपस्थित थे।

# मायके और ससुराल वाले भिड़े, दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल थाना क्षेत्रातंर्गत कसोधन नगर में एक महिला और उसके मायके वालों का ससुराल वालों से विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय अंजली पटेल की शादी कसोधन नगर निवासी राहुल पटेल के साथ वर्ष 2017 में हुई थी। अंजली का आरोप है कि उसके पति राहुल का अन्य लड़कियों से संबंध थे, जिस पर वह 9 दिसंबर 2024 को घर छोड़कर चला गया था। जिसकी गुमशुदगी की शिकायत भी पुलिस में दर्ज करायी गई थी। उसके बाद 19 दिसंबर 2024 को अंजली भी अपने मायके चली गई और वहीं रहने



## माढ़ोताल कसोधन नगर की घटना

लगी। बीती शाम अंजली अपनी बेटी अवनिका, माॅ उमा पटेल, पिता अशोक पटेल के साथ ससुराल पति की जानकारी लेने के लिये पहुंच गई, जहां उसकी बुआ अनुराधा पटेल एवं फूफा नरेन्द्र पटेल भी पहुंच गये। जैसे ही अंजली ने अपनी सास सुदामा बाई से राहुल के संबंध में पूछताछ की तो राहुल निकलकर बाहर आया और अपनी माॅ सुदामा के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा।

वहीं सुदामा बाई ने शिकायत दर्ज करायी कि उनका बेटा बहु से तंग आकर घर छोड़कर चला गया था, जो कि विगत दिवस ही वापस आया है, जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। बहु अंजली अपनी माता उमा पटेल, पिता अशोक, बुआ, फूफा के साथ उसके घर आकर लड़के राहुल के सम्बंध में पूछताछ करते हुए गालीगलौज करने लगे। जैसे ही राहुल बाहर आया तो सभी ने मारपीट की, जिससे राहुल व उन्हें चोटे आ गई, इतना ही नहीं उनके घर में तोडफोड़ भी की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।




# धार से आकर चोर गिरोह ने शहर में दिखाया था अपना हुनर

**जबलपुर,देशबन्धु।** खमरिया व गोरा बाजार क्षेत्र में नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने धार जिले से दबोचा है। उक्त आरोपियों के साथ पुलिस ने एक खरीददार को भी गिरफ्तार किया है, जो कि चुराए हुए जेवर खरीदता था। पुलिस ने उक्त गिरोह से आठ लाख, अस्सी हजार रुपये के सोने-चांदी के जेवर बरामद किये है। इसी प्रकार गढ़ा पुलिस ने पांच शातिर चारों को दबोचकर चार चोरियां का खुलासा किया है। उक्त पांच आरोपियों से भी लाखों के जेवर बरामद किये गये है।

पुलिस कंट्रोल रूम में एएसपी आनंद कलादगी ने जानकारी देते हुए बताया कि खमरिया वसुंधरा विहार निवासी बैंक कर्मी मोहित तिवारी के सूने घर का ताला तोड़कर आरोपी दस लाख के जेवर और पांच लाख की नगदी चुरा ले गये थे। इसी प्रकार गोराबाजार क्षेत्र से नितिन कुमार मलिक, बिलहरी माँ नर्मदा सिटी होम्स निवासी किरण यादव के घर से अज्ञात आरोपी लाखों के जेवर और नगदी चुरा ले गये थे।

**जेल से रिमांड पर लिये गये आरोपियों ने किया खुलासा**-पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच दौरान उडन् सिंह मेढा, सरम सिंह मेढा निवासी जिला धार को चिन्हित करते हुए पतासाजी करने पर दोनों के बिजावर जिला छतरपुर के जेल में निरुद्ध होना ज्ञात हुआ। जिन्हें विधिवत कार्यवाही करते हुये रिमांड पर लिया गया। पूछताछ करने पर दोनों ने सौरभ सिंह, अदन सिंह, मान्या, सुकरु, मोहब्बत के साथ मिलकर उक्त वारदातों को अंजाम देना कबूल किया। आरोपियों ने चुराये हुये जेवरो को मुकेश सोनी निवासी बाग जिला धार को बेचना एवं जेवर बेचने से मिले रुपयों एवं चुराये हुये नगदी रूपये आपस में बांटकर खर्च कर देना बताये।



## खमरिया तथा गोरा बाजार क्षेत्र में की थी वारदात

**ये जेवर हुए बरामद, फरार आरोपियों की तलाश जारी**-पुलिस ने आरोपी मुकेश सोनी के पास से सोना 68.432 ग्राम, कीमती करीबन 6 लाख 80 हजार रूपये, एक नग जेन्स अंगूठी 1.920 ग्राम, मंगलसूत्र बजनी 1.540 ग्राम एक नग लेडिस देन सोने की वजनी 5.450 ग्राम, एक नग चाँदी का फेन्सी कर्धन, तीन जो?ी पायल, चांदी की गिलास, कटोरी, चम्मच, बचकानी चू?ा, चांदी की सिंगूरदानी, चांदी की बिछिया कुल कीमत आठ लाख अस्सी हजार रुपये के जेवर बरामद किये है। पुलिस ने मामले में गिरोह के सदस्य सरम सिंह, उडन सिंह, अदन सिंह एवं मुकेश सोनी को गिरफ्तार किया है, वहीं आरोपी सुरभ सिंह, मान्या, सुकरु, मोहब्बत, दीना की तलाश जारी है।

**कार से आकर चोरी की वारदातों को देते थे अंजाम**-पुलिस ने बताया कि उक्त सभी आरोपी शातिर नकबजन है। जिनके द्वारा फोर व्हीलर वाहनों से घूम-घूम कर चोरी की जाती है। आरोपियों ने बोलेरो वाहन से जबलपुर आकर खमरिया अंतर्गत घाना में एवं आटिका कार से गोरा बाजार में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों की बोलेरो वाहन फरार साथियों के पास तथा अर्टिगा कार बिजावर छतरपुर में जब्त है।

### गढ़ा पुलिस के हत्थे चढ़े चोर गिरोह से लाखों का माल बरामद

**जबलपुर,देशबन्धु।** गढ़ा पुलिस ने पांच शातिर चोरों गिरोह को गिरफतार कर चार नकबजनी का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चुराए हुए सोने-चांदी के जेवर, डीवीआर तथा स्कूटी कुल कीमत 25 लाख का माल बरामद किया है। आरोपियों ने शक्ति नगर में दीपक नैय्यर के घर से पांच लाख रुपये के जेवर चोरी किये थे। इसी प्रकार नीरज कुमार नारंग के घर से भी जेवर और नगदी, सैनिक सोसायटी निवासी श्रीमती मुक्ति के सूने घर व प्रेम नगर स्थित हरमिंदर सिंह भामरा के घर से जेवर, स्टील और लोहे की तलवारों व नगदी रुपये और जेवर के साथ कपड़े चोरी किये थे।

**दंपत्ति ने खरीदा चोरी का माल-**

पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज खंगालते हुए सूरज गौड एवं विजय बैरागी को अभिरक्षा में लिया। जिन्होंने पूछताछ पर अपने साथी आर्यन मल्लाह के साथ थाना गढा क्षेत्र में कुल 04 नकबजनी की घटना करना स्वीकार किया। चुराया हुआ सामान पप्पू उर्फ प्रेम नाथ मल्लाह एवं उसकी पत्नी दीक्षा पटैल को बेचना बताया। आर्यन मल्लाह, पप्पू उर्फ प्रेमनाथ मल्लाह एवं दीक्षा पटेल मल्लाह को अभिरक्षा में लेते हुए उक्त आरोपियों से चुराये हुये सोने चांदी के जेवरात, डीवीआर तथा स्कूटी कुल कीमत 25 लाख रूपये के पुलिस ने जब्त किये है। पुलिस अधिकारियों ने बताया शातिर नकबजन प्रेमनाथ उर्फ पप्पू मल्लाह के विरूद्ध जिला भोपाल एवं जबलपुर में लगभग 55 अपराध पंजीबद्ध है।

# रिवर्स करते समय ट्रक ने युवकों को रौंदा

## दो सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** तिलवारा थानान्तर्गत रिवर्स करते समय ट्रक की चपेट में आने के कारण दो युवकों की मौत हो गयी। गोसलपुर थानान्तर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने सूचना मिलने पर ष्षवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। तिलवारा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक झारिया उम्र 23 वर्ष निवासी सोहा बरगी एवं रूपेश झारिया उम्र 19 वर्ष निवासी चूल्हा गोलाई मंगेली रात लगभग डेढ बजे रमनगरा वाटर प्लांट के पास रो? किनारे बैठे हुए हुए। तभी ट्रक वाहन क्रमांक यूके 14 सीए 0180 का चालक तेज गति लापरवाही से वाहन को रिवर्स करते हुए दोनों को रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पतालले जाया गया। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

गोसलपुर थानान्तर्गत मुस्कान तिराहा के समीप दरम्यानी रात अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत हो गयी। पान उमरिया निवासी प्रमोद चौधरी उम्र 36 साल रात को जबलपुर से घर लौट रहा था। मुस्कान अस्पताल के समीप अज्ञात वाहन ने उसकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। जिसके कारण युवक को गंभीर चोटें आई थी और उसे उपचार के लिए सिहोरा अस्पताल ले जाया गया था। डॉक्टरों न प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों प्रकरण में आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

# स्टाम्प ड्यूटी चार गुना बढ़ाये जाने से आक्रोश

## एसबीसी वाईस चेयरमेन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पुनर्विचार किये जाने की मांग

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र शासन की केबिनेट में निर्णय लेकर स्टाम्प ड्यूटी में की गई बढ़ोत्तरी से अधिवक्ता व लोगों में आक्रोश है। उक्त फैसले पर मप्र स्टेट बार काउंसिल के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने भी हैरानी व्यक्त की है। उन्होंने इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र भेजकर उक्त निर्णय पर पुनर्विचार कर उक्त फैसले को निरस्त किये जाने की मांग की है।

एसबीसी वाईस चेयरमेन श्री सैनी ने मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र में कहा है कि मप्र एक पिछड़ा राज्य है और प्रदेश की ज्यादातर जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे निवास करती है। केबिनेट बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार जो शपथ पत्र पूर्व में 50 रूपये के स्टाम्प पर किया जाता था, उसके लिए दो सौ रुपये की स्टाम्प अनिवार्यता की गई है। इसी प्रकार अचल संपत्ति के एग्रीमेंट के लिए जो किए पूर्व में एक हजार रूपए का स्टाम्प लगता था, उक्त फैसले में दो हजार रुपये कर दिया गया है। इतना ही नहीं सहमति विलेख पूर्व में एक हजार रुपये में होती थी, जिसे सीधे पांच हजार रुपये किया गया है। पॉवर ऑफ अटर्नी की एक हजार जगह दो हजार रुपये कर दिया गया है, जो कि प्रदेश की आम जनता के लिए न्यायोचित नहीं है और नियमानुसार गलत है। श्री सैनी ने पत्र में कहा है कि उक्त की गई बढ़ोत्तरी का बोझ प्रदेश की गरीब जनता नहीं उठा सकती। श्री सैनी ने पत्र में स्पष्ट किया है कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कई जगह राशि वितरित कर रहीं है, इसका यह मतलब नहीं कि उसकी वसूली आम जनता से की जाये। श्री सैनी ने पत्र में आम जनता के हितों को देखते हुए कैबिनेट के उक्त फैसले पर पुनर्विचार किये जाने की मांग की है।

# खेत की तकवारी करने गये युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर थानातंर्गत ग्राम पड़रिया में खेत की तकवारी करने गये युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। जब सुबह काफी देर तक युवक घर नहीं आया तो परिजन खेत पहुंचे, जहां राजकुमार बेहोशी की हालत में मिला। जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल रेफर किया गया।

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को रंजीत काछी ने बताया कि उसके बड़े पिता का लड़का 45 वर्षीय राजकुमार काछी खेत की देखरेख करने के लिये रात में खेत में सोता था। बीती रात भी राजकुमार खेत चला गया था, लेकिन सुबह सात बजे तक वापस नहीं आया। जिसके बाद परिजनों ने जाकर देखा तो राजकुमार बेहोशी की हालत में पड़ा था। जिसे तत्काल ही शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे मेडिकल रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## रामलीला मंचन समिति की वार्षिक बैठक आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** रामलीला रंगमंच एड.बलराज सोनकर की अध्यक्षता में एवं रामलीला के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई जिसमें पिछले वर्ष का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया और इस वर्ष रामलीला मंचन हेतु कार्यकारणी का गठन किया गया। अध्यक्ष डा.शिवमणी मिश्रा। महामंत्री पं.कमलेश तिवारी कोषाध्यक्ष पं. विष्णुदीक्षित का निर्विरोध चयन हुआ इस अवसर रामलीला के संचालक एड.श्याम चंद्र तिवारी संरक्षक डा. ए.सी. सोनकर,विजय मुंशी, मंटू सोनकर,संदीप सोनकर, एवं समस्त क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रहे।

# परीक्षण प्रयोगशालाओं की मान्यता संबंधित संषोधित शर्त मनमानी नहीं

## हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा प्रयोगषाला मान्यता योजना के तहत एशिया प्रशांत प्रयोगशाला मान्यता निगम तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रयोगशाला मान्यता निगम का सदस्य होने की संषोधित षर्त को मनमाना करार देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि भारतीय प्रयोगशालाओं के मानक को ब?ाने के उद्देश्य से योजना तैयार की गई है। युगलपीठ ने उक्त आदेष के साथ याचिका को खारिज कर दिया।

वीनस परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला बीना, जिला सागर के मालिक प्रेम प्रकाश की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि भारतीय मानक ब्यूरो ने प्रयोगशाला पुनर्गठन योजना तैयार की है। जिसमें यह शर्त शामिल है कि प्रयोगशाला को परीक्षण के संबंधित क्षेत्र जैसे यांत्रिक, विद्युत, रासायनिक या सूक्ष्मजैविक में आईएस,आईएसओ,आईईसी से मान्यता प्राप्त होनी चाहिए। प्रयोगशाला को मान्यता प्रदान करने वाली संस्था एशिया प्रशांत प्रयोगशाला प्रत्यायन निगम या अंतर्राष्ट्रीय प्रयोगशाला प्रत्यायन निगम की पूर्ण सदस्य होना चाहिए। याचिका में कहा गया था कि भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 1986 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत ऐसे निकाय से मान्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करने का कोई प्रावधान नहीं है। बीआईएस एक राष्ट्रीय मानक निकाय है और प्रयोगशाला मान्यता के उद्देश्य से योजनाएं तैयार करने के लिए अधिकृत है। एपीएलएसी और आईएलएसी का देश में कोई कार्यालय नहीं है। इसके अलावा आईएस,आईएसओ,आईईसी की मान्यता प्रदान करने के लिए अत्यधिक शुल्क लिया जा रहा है। ऐसी षर्त लगाकर उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से बताया गया कि बीआईएस अधिनियम के तहत भारतीय मानक ब्यूरो की स्थापना की गई है। बीआईएस ने प्रयोगशालाओं के उच्च मानकों को बनाए रखने के उद्देश्य से उक्त शर्त शामिल की गई है। याचिकाकर्ता को एपीएलएसी या आईएलएसी की सदस्यता प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल उस संस्थान से मान्यता प्रमाणपत्र प्राप्त करना आवश्यक है, जो एपीएलएसी या आईएलएसी का सदस्य है। युगलपीठ ने अपने आदेष मे कहा है कि योजना को भारतीय प्रयोगशालाओं के मानक को बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार करते हुए उक्त षर्त को षामिल किया गया है। युगलपीठ ने उक्त आदेष के साथ याचिका को खारिज कर दिया।

# गोली मारकर चचेरे भाई की हत्या करने वाले को उम्रकैद

## प्रॉपर्टी विवाद पर हुई थी वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी विवाद के कारण अपने चचेरे भाई की सिर में गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए सजा से दंडित किया है। न्यायाधीश संजोग सिंह बाघेला की अदालत ने आरोपी युवक को आजीवन कारावास व तीन हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।

अभियोजन की तरफ से न्यायालय को बताया कि भरत उर्फ भारत कुशवाहा प्रापर्टी का काम करता था। तेजीलाल कुशवाहा 1 नवंबर 2019 की सुबह पुष्तैनी मकान के सामने उसका इंतजार कर रहा था। भरत अपने दोस्त राकेश द्विवेदी व शाहिद के साथ पहुंचा




और तेजीलाल कुशवाहा से बाते करने लगा। तभी भरत के ब? पिता का लडका राजाराम कुशवाहा पीछे से पहुंचा गया। उसने देष कट्टे से भरत के सिर पर गोली मार थी। गोली लगने के कारण भरत खून से लथपथ होकर जमीन में गिर गया था। जिसे तत्काल ही उसका भाई तेजीलाल और उसके दोनों दोस्त राकेश व शाहिद उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद भरत उर्फ भारत कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया।

गोहलपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करते हुए अदालत के समक्ष उसके खिलाफ चालान पेश किया। न्यायालन ने विचारण दौरान अभियोजन की तरफ से पेश किये गये साक्ष्य व गवाहों को आधार पर आरोपी को चचेरे भाई की हत्या करने का दोषी करार देते हुए उक्त सजा से दंडित किया। अभियोजन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक बबीता कुल्हारा नागदेव ने पक्ष रखा।

# पेंशन की देरी से भुगतान, अब ब्याज सहित करो भुगतान

## हाईकोर्ट ने एसबीआई को दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एक रिटायर्ड कर्मचारी को पेंशन के लिये भटकने व सख्ती के बाद देरी से भुगतान किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने बैंक के कृत्य पर नाराजगी जताते हुए कहा कि देरी के लिए बैंक ने कोई वाजिब कारण नहीं बताया। एकलपीठ ने एसबीआई को निर्देश दिए क याचिकाकर्ता को एक सितंबर 2019 से जुलाई 2025 तक की पेंशन पर 6 फीसदी ब्याज प्रदान करें। इसके लिए तीन माह की मोहलत दी गई।

जबलपुर निवासी अशोक सिंघाई जल संसाधन विभाग राजग? से 31 दिसंबर 2017 को सेवानिवृत हुए थे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रवेश जैन व दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि जिला पेंशन ऑफिसर ने पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ) 18 मई 2018 को जारी किया था। बैंक द्वारा मात्र 9 महीने तक ही पेंशन दी गई, इसके बाद बिना कारण बताए पेंशन राशि रोक दी गई। बैंक की जवाहर गंज ब्रांच जबलपुर द्वारा याचिकाकर्ता को पेंशन का भुगतान नहीं करने पर 2022 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। विगत सुनवाई के दौरान न्यायालय ने एसबीआई हेड भोपाल को उपस्थित होने के निर्देश दिये। इसके बाद बैंक ने पेंशन की पूरी राशि का भुगतान किया। आवेदक की ओर से कहा गया कि बैंक की हीलाहवाली के चलते एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को पेंशन पाने सात साल तक भटकना पड़ा। दरअसल, विभाग ने 2018 में कर्मचारी का पीपीओ जारी कर दिया था, उसके बावजूद बैंक द्वारा उसकी पेंशन का भुगतान नहीं किया गया। जब इस मामले में हाईकोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बड़े अधिकारियों को तलब किया तब बैंक द्वारा एकमुश्त पेंशन का भुगतान कर दिया गया। उक्त देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# नये सिरे से मेरिट लिस्ट तैयार कर नियुक्ति देने के निर्देश

## पंजीयक सहकारी संस्था में कनिष्ठ संविदा विक्रेता पद का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं में कनिष्ठ संविदा विक्रेता के पद के लिए नए सिरे से मेरिट लिस्ट तैयार कर नियुक्ति देने के निर्देश दिए। जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने विभाग को कहा कि हाईकोर्ट द्वारा राकेश यादव के प्रकरण में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप कंप्यूटर विषय में डिप्लोमा व डिग्री के बोनस अंक प्रदान करें और उसके बाद मेरिट लिस्ट तैयार करें। एकलपीठ ने मामले में स्पष्ट किया है यह कार्रवाई केवल याचिकाकर्ता व निजी अनावेदकों के संबंध में करनी होगी। यह आदेश उन पर प्रभावित नहीं होगा जिनकी नियुक्ति को चुनौती नहीं दी गई है। सिवनी निवासी अवधेश गिरी की तरफ से दायर याचिका में बोनस अंक की अहर्ता में गड़बड़ी किये जाने का आरोप लगाया गया था। याचिका में कहा गया था कि अनावेदका शिशुपाल वर्मा, विशाल डेहरिया और संजय दुबे को डिप्लोमा के 15 और डिग्री के 25 बोनस अंक प्रदान किए गए हैं। याचिकाकर्ता को केवल डिप्लोमा के 15 अंक दिए गए हैं। याचिकाकर्ता और अनावेदकों की डिग्री में कंप्यूटर केवल आधार पाठ्यक्रम का एक विषय था। ऐसे में अनावेदकों को गलत अंक प्रदान किए गए हैं। सुनवाई के बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश देते हुए याचिका का निराकरण कर दिया। याचिकाकार्त की तरफ से अधिवक्ता व्ही आर जुमड़े ने पैरवी की।

# विवादित जमीन पर यथास्थिति के निर्देश, अनावेदकों से जवाब तलब

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने सागर के मकरोनिया स्थित 32 सौ वर्ग फुट जमीन के मामले में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने संभागायुक्त सागर, एसडीओ व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। दरअसल यह मामला सागर निवासी नेहा जैन की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता हर्ष गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 में नेहा की मां ने उक्त संपत्ति की वसीयत की थी। उनकी मृत्यु के बाद याचिकाकर्ता ने संपत्ति का नामांतरण करा लिया। इस मामले में किसी अनजान व्यक्ति ने संभागायुक्त को शिकायत कर कहा कि उक्त वसीयत और मृत्यु प्रमाण पत्र फर्जी है। पहले तो आयुक्त ने नामांतरण को सही माना, लेकिन बाद में उसे निरस्त कर दिया। दलील दी गई कि आयुक्त मप्र भू-राजस्व अधिनियम का उल्लंघन करते हुए ऐसा किया है। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## स्मैक तस्कर को जमानत नहीं

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने स्मैक तस्कर की ओर से प्रस्तुत जमानत अर्जी खारिज कर दी। दरअसल, आरोपी की ओर सेजमानत अर्जी वापस लेने का आग्रह किया गया। जस्टिस देवनारायण मिश्रा की एकलपीठ ने मांग को स्वीकार करते हुए जमानत आवेदन निरस्त कर दिया। सिंगरौली निवासी संदीप उर्फ कार्तिक साकेत के पास से 67.39 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी। शासन की ओर से पैनल लॉयर हिमांशु तिवारी ने बताया कि आरोपी पिछले 6 माह से जेल में है। उन्होंने बताया कि आरोपी की जेब से उक्त स्मैक बरामद की गई है और उसके खिलाफ दो अन्य आपराधिक प्रकरण भी दर्ज हैं।

# पेट्रोल पंप कर्मी का मोबाइल लूट ले गये बदमाश

## सिहोरा में वारदात, आरोपियों की तलाश में पुलिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा थाना क्षेत्रातंर्गत केशल फिलिंग पेट्रोल पंप पहुंचे बाईक सवार बदमाश वहां के कर्मी का मोबाईल झपट्टा मारकर ले उड़े। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम मोहसाम निवासी 61 वर्षीय शेख शब्बीर केशव फिलिंग पेट्रोल पंप में चौकीदारी करता है। गुरुवार तड़के सुबह करी सवा चार बजे पंप मालिक का ड्राईवर संजय पम्प पर मौजूद था। शेख शब्बीर को नींद आने पर वह जाकर लेट गया। संजय सिंह उसका मोबाईल दूसरी ओर बैठकर गाने सुनने लगा। उसी दौरान जबलपुर की ओर से बाईक पर दो लड़के पहुंचे और पेट्रोल डालने के लिये बोलने लगे। संजय ने कहा कि पेट्रोल पम्प कर्मी सो गये अब सुबह ही पेट्रोल मिलेगा। जिसके बाद आरोपियों ने अपनी बाईक मोड़ी और संजय के हाथ से शेख शब्बीर का ओप्पो कंपनी का दस हजार रुपये कीमत का मोबाईल झपट्टा मारकर ले उड़े। संजय और शब्बीर ने उनका पीछा भी किया, लेकिन तब तक वह फरार हो चुके थे। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# फ्री में शराब मांगकर दुकान के सेल्समैन को पीटा

## मझौली बचौया रोड स्थित शराब दुकान में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** मझौली थाना क्षेत्रांतर्गत बचौया रोड



स्थित शराब दुकान में बीती रात तीन असामाजिक तत्वों ने जमकर उपद्रव मचाया। आरोपियों ने पहले तो दुकान की शटर में लाते मारना शुरु कर दिया, जब उसके सेल्समेन राहुल राजपूत ने विरोध किया तो आरोपियों ने उससे रुपयों की मांग करते हुए मारपीट कर दी।

पुलिस ने बताया कि ग्राम पोनिया निवासी 36 वर्षीय राहुल राजपूत बचौया रोड स्थित शराब दुकान में सेल्समेन का काम करता है। बीती रात ग्यारह बजे के करीब हरदौल मोहल्ला मझौली का रहने वाला अमित चौधरी अपने साथी शिवा चौधरी एवं राज चौधरी के साथ उसकी शराब दुकान में आकर शटर में लात मारने लगे। इसके बाद तीनों उससे बिना रूपये के शराब पीने के लिये मांगने लगे। जब राहुल ने बिना रुपये शराब देने से मना किया तो आरोपियों ने राहुल से ही रुपयो की मांग करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये।

## रक्षाबंधन की खरीदारी से बाजार गुलजार



### राखी और कपड़ों को खरीदने उमड़ रही भीड़

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार, रक्षाबंधन, 9 अगस्त को मनाया जाएगा। इस मौके पर गांधीग्राम के बाजारों में खूब चहल-पहल देखने को मिल रही है। बाजार ग्राहकों की भीड़ से गुलजार हैं, और व्यापारियों के चेहरे खिले हुए हैं।

रक्षाबंधन की तैयारी में लोग सुबह से ही खरीदारी के लिए बाजारों में पहुंच रहे हैं। गांधीग्राम के आसपास के गाँव जैसे रामपुर, माल्हा, धमकी, बम्होरी, देवनगर, मिढ़ासन, पथरई, कैलवास और उमरिया से भी लोग यहाँ खरीदारी के लिए आए हैं। खासकर नए कपड़े, राखियाँ और अन्य जरूरी सामानों की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ है।

**मनपसंद राखियों की तलाश**-बाजारों में सबसे ज्यादा भीड़ राखी की दुकानों पर देखी जा रही है, जहाँ बहनें अपने भाइयों के लिए सबसे सुंदर राखी चुनने में जुटी हैं। मोतियों और ब्रेसलेट वाली राखियाँ इस साल ज्यादा पसंद की जा रही हैं। इसके अलावा, कई बहनें सोने और चाँदी की राखियाँ खरीदने के लिए ज्वेलर्स की दुकानों पर भी जा रही हैं, हालाँकि इनकी खरीदारी कम ही हो रही है।

गांधीग्राम के कमानिया गेट, बस स्टैंड और कूड़ा कंजई तिराहे पर कई अस्थाई दुकानें भी लगी हैं, जहाँ तरह-तरह की राखियाँ बिक रही हैं। यह त्योहार बाजार में धनवर्षा कर रहा है, जिससे व्यापारी वर्ग काफी खुश हैं। बहनें अपने भाई की कलाई पर प्यार का धागा बांधने के लिए घंटों तक दुकानों पर अपनी मनपसंद राखियाँ खोजती रहीं।

### रीवा लोकायुक्त की कार्रवाई

## सिंगरौली में रिश्वत लेते कम्प्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार



**रीवा देशबन्धु।** सिंगरौली जिले की देवसर तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रीवा लोकायुक्त की टीम ने एक कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रेम लाल सिंह को 2 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा है

जानकारी के अनुसार देवसर के कटौली गांव निवासी कमल प्रसाद मिश्रा जमीन के बंटवारे के आदेश के लिए कई बार तहसील कार्यालय का चक्कर काट चुके थे, लेकिन कंप्यूटर ऑपरेटर प्रेम लाल सिंह ने स्पष्ट रूप से 4 हजार रिश्वत मांगी। मजबूर होकर शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त कार्यालय रीवा से संपर्क किया। रीवा लोकायुक्त को जब शिकायत प्राप्त हुई, तब डीजीपी योगेश देशमुख के निर्देश पर कार्रवाई शुरू की गई। इंस्पेक्टर संदीप सिंह भदौरिया और उपेंद्र दुबे के नेतृत्व में टीम तैयार हुई। सटीक रणनीति बनाकर 7 अगस्त को जाल बिछाया गया। टीम ने शिकायतकर्ता से 2000 रंग लगे नोट दिलवाए। जैसे ही प्रेम लाल सिंह ने पैसे लिए, लोकायुक्त टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। उसे उसी वक्त देवसर तहसील परिसर में गिरफ्तार कर लिया गया।

### आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

आरोपी प्रेम लाल सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। अब आरोपी को पूछताछ के लिए न्यायालय में पेश किया गया है। लोकायुक्त टीम की सक्रियता और सफलता रीवा लोकायुक्त टीम ने इस वर्ष कई ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की है, जिनमें छोटे कर्मचारी से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक को पकड़ा गया है।

## सार-समाचार



### हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित

**पनागर, देशबन्धु।** शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में कारगिल विजय दिवस एवं हर घर तिरंगा आयोजन के अंतर्गत शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने कारगिल युद्ध के नायकों को श्रृद्धांजलि तथा तिरंगा झंडा के महत्व को बताते हुये विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत झंडे के साथ सेल्फी, पोस्टर प्रतियोगिता एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अवधेश दुबे प्रशासनिक अधिकारी एवं कार्यक्रम संयोजक, डॉ. सीमा पटारिया, डॉ. वर्षा शर्मा, डॉ. अपर्णा गोस्वामी की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार का योगदान सराहनीय रहा।

### लाडली बहना कार्यक्रम में विधायक के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

**पनागर, देशबन्धु।** लाडली बहना कार्यक्रम के बाद नगर पालिका पनागर में उपस्तिथ सभी हितग्राही बहनों ने पनागर विधायक सुशील तिवारी के साथ रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व को मनाया विधायक ने अपने उद्बोधन में बताया नगर में बहनों ने प्रेम और विश्वास की पवित्र राखी बांधी उसको में कायम रखूंगा यह एक अनूठा बंधन है जो सदा चलता है कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल आनंद जैन पूर्व अध्यक्ष रीना जैन अंकुर जैन शेलेन्द्र साहू विजय बर्मन मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष शर्मा गोवर्धन खेटपाल सहित माताएं बहने उपस्तिथ रही

### वाणिज्य विभाग की शैक्षिक संगोष्ठी

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में वाणिज्य विभाग के द्वारा कॅरियर इन कॉमर्स के क्षेत्र में सेमिनार को आयोजन किया गया जिस मे मुख्य रूप से प्रमुख वक्ता के लिए डी. एन. जैन महाविद्यालय जबलपुर से, आदरणीय डॉ. शैलेश जैन जी उपस्थित रहे जिन्होंने छात्र-छात्राओं को वाणिज्य के क्षेत्र में करियर के बारे में विस्तार से बताया एवं नई शिक्षा नीति एवं विषय के महत्व को समझने के लिए कार्य स्थल पर प्रैक्टिकल नॉलेज पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग से एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज श्रीवास्तव जी ने उपस्थित विद्यार्थियों को अपने नैतिक मूल्यों की पहचान करने पर एवं अपने स्वयं के मूल्य को पहचानने की आवश्यकताओं को समझाया कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के 50 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग के सदस्य डॉ माया, भव्या विश्वकर्मा, रागनी कुशवाहा एवं आशीष सोनी का सहयोग रहा।

### ग्रामीण क्षेत्र में कांवड़ यात्रा का दौर जारी



**बरेला, देशबन्धु।** सावन के पावन पर्व में क्षेत्र के ग्राम पंचायत परतला एवं सरोरा खैरी बैरागी बिडगला सिलपुरी एवं मलारा में निरंतर कावड़ यात्रा निकाल रही हैं इस अवसर पर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू द्वाराक्षेत्र के सभी कावड़ यात्रा में चल रहे सभी भोलेनाथ के भक्तों को फल वितरीत किया गया।

### बैरागी अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में शामिल होने के लिए नेपाल रवाना

**बरेला, देशबन्धु।** साहित्य के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट रचना शैली, दोहावली एवं छंदावली के लिए प्रख्यात आशु कवि, मोदी चरित्र के रचनाकार, संस्कार भारती के नगर अध्यक्ष, महामहिम राष्ट्रपति से सम्मानित एवं स्वर्ण पदक प्राप्त शिक्षक पंडित प्रेमदास रामायणी बैरागी 1 अगस्त 2025 को नेपाल की राजधानी काठमांडू में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में भाग लेने के लिए नेपाल जा रहे हैं। जिसमें विश्व की चुनिंदा 20 साहित्यकार एवं शिक्षाविद भाग ले रहे हैं। काठमांडू के ग्रीन ले फूड फेस्टिवल मैं होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक कार्यक्रम में बैरागी को शिक्षा और साहित्य की असाधारण सेवा के लिए आयोजन समिति द्वारा पशुपतिनाथ काव्य महारथी सम्मान एवं काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा विद्यासागर मानद् सम्मान से अलंकृ त किया जाएगा।



## स्टाम्प शुल्क में वृद्धि : अब एग्रीमेंट में 1000 की जगह लगेगा 5000 हजार

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** शपथ पत्र बनवाने के लिए अब 50 की जगह 200 रुपये और अचल संपत्ति के एग्रीमेंट के लिए 1000 की जगह 5000 रुपये का स्टांप लगेगा। ऐसे 12 तरह के कामों के लिए स्टांप शुल्क में वृद्धि होने वाली है। इसके लिए विधानसभा में प्रस्तुत भारतीय स्टांप (मप्र संशोधन) विधेयक 2025 बुधवार को पारित हो गया है। चर्चा के दौरान कांग्रेस ने विधेयक का जमकर विरोध करते हुए सदन से बहिर्गमन किया। इसके साथ ही वाणिज्यिक कर विभाग से जुड़े तीन और विधेयक पारित किए गए जो कि जनहित में नहीं है यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार जैन ने जारी एक बयान में व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 2023 के विधानसभा चुनाव में सरकार से ऐसा कोई वायदा नहीं किया था इसके बावजूद भी स्टांप पेपरों में की गई बढ़ोतरी जनता के साथ खुलेआम धोखा है जिसका जनहित में हम विरोध करते हैं सरदार दलवीर सिंह जैसलमेर ने कहा की स्टांप पेपरों में इस तरह से की गई बढ़ोतरी गरीब एवं मध्य वर्गी लोगों के साथ मजाक है राजेंद्र जैन बंधु ने कहा तत्काल प्रभाव से जनता के हितों को देखते हुए यह बढ़ोतरी मध्य प्रदेश सरकार को वापस लेना चाहिए।

अतुल जोसेफ आपने कहा की चन के गए मध्य प्रदेश विधानसभा में चाहे कांग्रेस के विधायकों या सत्ता गुरु पार्टी के विधायक जो निर्वाचित हुए हैं ऐसी बढ़ोतरी करने दत्त का विरोध करना चाहिए वरना आम चुनाव में आम जनता उन्हें सबक सिखा देगी सहयोगी मित्र शाकिर कुरैशी श्रीमती हुर वी ताहिर खोकर अशरफ मंसूरी राजकुमार जैन मामा संजय वर्मा नेकराम पटेल पटेल संजय जैन किपी संजय जैन डॉक्टर चंद्रेश जैन डॉक्टर महेंद्र जैन अमित जैन युवा निर्मल चंद जैन मार्को बाबा नरेश साहू सुभाष पटेल हाजी हामिद खान मोहम्मद असलम डॉक्टर अलीम मंसूरी मकसूद मंसूरी अब्दुल रहमान मलिक अभिमन्यु शर्मा दिलावर खान रिंकू कुशवाहा सुखेंद्र सिंह लोधी अनुराग शुक्ला ऐश्वर्य ठाकुर सफी खान युग लोधी अरविंद पंडा सौरभ विश्वकर्मा आदि ने कहा कि एक ओर लाडली बहनों को 250 मिलेंगे। दूसरी ओर विधायकों के वेतन वृद्धि की वसूली, जनता की कमाई से। कीमतें दस प्रतिशत बढ़ी और वसूली 200 से 500 प्रतिशत तक। एक ही सरकार का चुनाव न करें। तानाशाही को बढ़ावा मिलता है मध्य प्रदेश विधानसभा में स्टांप पेपरों में की गई बढ़ोतरी का विरोध किया है

## ट्रैक्टर चोर को पुणे से लेकर आई पुलिस

**कोठी, देशबन्धु।** कोठी थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के एक आरोपी को पुणे महाराष्ट्र से पकड़ा है। आरोपी को लाने के बाद उसकी निशादेही पर चोरी का ट्रैक्टर जब्त करते हुए पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाही थाना प्रभारी कोठी निरीक्षक गिरजाशंकर बाजपेयी ने अपनी टीम की मदद से की है। पुलिस के अनुसार, 6 मई को अजय सिंह पिता भागवत शरण सिंह (40) निवासी ग्राम बरहना ने रिपोर्ट लिखाई थी कि 4 व 5 मई की रात घर के बाहर खड़ा उनका स्वराज ट्रैक्टर एमपी 19 एसी 8539 चोरी हो गया है। शिकायत जांच के बाद धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान ट्रैक्टर के साथ चोरी हुई ट्राली लावारिश हालत में पाई गई। चोरी की घटना को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी वीर विक्रम सिंह पिता अजय सिंह निवासी छमुआ, डभौरा जिला रीवा फरार चल रहा था। जिसके बारे में खबर मिलने पर उसे पुणे से कोठी लाया गया। पूछताछ पर आरोपी वीर विक्रम सिंह ने अपने साथी सुन्दरम उर्फ बच्चा सिंह बघेल, अंशुल सिंह बघेल, लाला सेन एवं धीरज पटेल के साथ डभौरा से दिदौंध आना दिदौंध में प्रेम प्रकाश सिंह, राणा सिंह व उमा प्रताप सिंह के साथ ट्रैक्टर चोरी की योजना बनाकर ग्राम बरहना से ट्राली सहित ट्रैक्टर चोरी कर ले जाना स्वीकार किया। संगठित होकर अपराध करना पाए जाने से मामले में धारा 112, 313 बीएनएस बढ़ाई गई। इस कार्रवाही में एएसआई अश्वनीधर द्विवेदी, राजबहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक अरुण पांडेय, देवेन्द्र सेन, प्रताप सिंह, प्रमोद तिवारी, आरक्षक रिंकू जाटव, संतोष धुर्वे, संजय यादव की अहम भूमिका रही।

## महाविद्यालय में खेल सुविधाओं के विकास से खिलाड़ियों को मिलेगा खेल का अवसर



**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा के जनभागीदारी अध्यक्ष ने प्रबंध एवं निर्माण समिति की संयुक्त बैठक में महाविद्यालय में खेल सुविधाओं के विकास का संकल्प व्यक्त किया।

बैठक में महाविद्यालय के विज्ञान भवन के पीछे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल मैदान के विकास पर चर्चा हुई। इस भूमि के खेल मैदान के रूप में विकसित किये जाने हेतु पहाड़ी भूमि का समतलीकरण आवश्यक है। समिति ने भूमि का निरीक्षण कर जाना कि लगभग 1100 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में भूमि पर झाड़ियों को साफ करना, लगभग 3 मीटर की मिट्टी कटाई और समतलीकरण तथा जल निकासी का प्रबन्ध कर इस भूमि को खेल मैदान के रूप में विकसित किया जा सकता है। समिति ने लोकनिर्माण विभाग से प्राक्कलन आमंत्रित करने का प्रस्ताव पारित किया। लोकनिर्माण विभाग ने 15 लाख 95 हजार रुपये का प्राक्कलन प्रस्तुत किया। अध्यक्ष राजा मोर ने स्वयं के व्यय से खेल मैदान के विकास का संकल्प पत्र प्राचार्य को सौंपा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में उत्कृष्ट खेल सुविधाओं का विकास करना मेरा सपना है, इसके लिए मैं कृत संकल्पित हूँ। प्राचार्य ने अध्यक्ष महोदय का इस संकल्प के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में समिति सदस्य श्री माधव मिश्रा, श्री शिशिर पांडे , श्री अभिषेक परोहा, श्री विनोद खत्री, एस डी ओ लोकनिर्माण विभाग श्री राजेश मिश्रा, डॉ श्रीकृष्ण तिवारी, डॉ सुनु मैथ्यू, डॉ नीता तिवारी, डॉ सुदेश मेहरोलिया उपस्थित थे।

## कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में विचारगोष्ठी आयोजित

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एम के श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं एन सी सी ऑफिसर डॉ अर्चना नामदेव के निर्देशन में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य 26 जुलाई 1999 में हुए कारगिल विजय मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भारतीय सेना नायकों को स्मरण करना उन्हें शहादत देना एवं उनके अभूतपूर्व कार्य को विद्यार्थियों के साथ साझा करना था। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एमके श्रीवास्तव द्वारा भारतीय थल सेना की कारगिल विजय में महत्वपूर्ण भूमिका एवं एनसीसी के केडिटस को भारतीय फौज एवं इनके देश प्रेम की भावना की विशेषताओं से अवगत कराया गया।

सीनियर अंडर ऑफिसर संतोष कुमार बढ़ई द्वारा, कारगिल युद्ध में विभिन् सैनिकों जैसे, ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव, कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, राजेश सिंह अधिकारी आदि के विशेष योगदान के बारे में अपने विचार व्यक्त किए गए। कुछ एनसीसी कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिनमें मोहिनी राजभर,सागर कोल, रजनी कोरी कार्यक्रम आदि ने गीत एवं भाषण के माध्यम से शहीदों को शहादत दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अंडर ऑफिसर मीनू दुबे द्वारा किया गया। प्रोफेसर एसके तिवारी डॉ सोनू आर मैथ्यू श्री कुणाल वर्मा डॉ सी एल वर्मा सी एच एम प्रिंस टेकाम, अंशुल तिवारी, पलक काछी सहित लगभग 108 सदस्यों की उपस्थिति दर्ज हुई आभार प्रदर्शन डॉ अर्चना नामदेव द्वारा किया गया।

## वारदात : डिग्गी से पार कर दिए एक लाख रुपए

- **आये दिन हो रही है नगर में चोरी व लूट की घटनाएं**

**रीवा देशबन्धु।** पिछले कुछ दिनों से मऊगंज जिले के प्रमुख बैंकों में लुटेरे घात लगाए बैठे रहते हैं। दरअसल यह ऐसा बैंक है जहां ज्यादातर रिटायर्ड कर्मचारी और बड़े व्यापारी पैसे निकालने आते हैं और इन्हीं को यह लुटेरे अपना टारगेट बनाते हैं। मऊगंज थाना क्षेत्र के फूल हरिचंद्र सिंह गांव निवासी देवशरण गुप्ता जिनका बेटा काफी समय से बीमार चल रहा था। डॉक्टर ने पथरी होने की बात कहकर ऑपरेशन की सलाह दी। जिसके लिए देवशरण गुप्ता यूनियन बैंक मऊगंज से 1 लाख निकालकर घर जा रहे थे।

देवशरण गुप्ता प्रयागराज में बेटे का ऑपरेशन करवाने वाले थे। जिसके लिए उन्होंने बैंक से एक लाख रुपए निकालकर गाड़ी की डिग्गी में रख लिया और सब्जी मंडी के समीप अपनी बाइक को खड़ा करके बीमार बेटे के लिए नारियल पानी खरीदने लगे। उसी वक्त एक अज्ञात व्यक्ति मुंह में कपड़ा बांधकर आता है और उनकी बाइक की डिग्गी को धारदार हथियार से काटकर चंद सेकंड में 1 लाख निकालकर दूसरी बाइक में बैठकर वहां से फरार हो गया। पीड़ित देवशरण गुप्ता ने बताया कि लोगों ने हल्ला गुहार मचाया लेकिन सब कुछ इतना जल्दी हुआ कि कोई कुछ समझ नहीं पाया। एक व्यक्ति पहले से ही बाइक स्टार्ट कर सड़क किनारे खड़ा था और दूसरे व्यक्ति ने डिग्गी पर हाथ साफ किया और वहां से चंपत हो गए।

### बैंकों में रहती है बदमाशों की नजर



## पनागर में नौ स्थानों में पर होगा ध्वजारोहण, बैठक आयोजित



**पनागर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोउल्लास पूर्ण वातावरण में मनाये जाने के लिए अध्यक्ष नगरपालिका परिषद पनागर एवं परिषद पदाधिकारियों, नगर के गणमान्य नागरिकों एवं शालाओं के विभाग के प्रमुख की समूहिक बैठक कार्यालय नगरपालिका परिषद पनागर के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में नगर के नौ स्थानों में सर्वसम्मति से ध्वजारोहण किये जाने के लिए निर्णय लिया गया।

इनमें शताब्दी स्मारक पं.सुशील तिवारी इंदू भैया विधायक पनागर, कार्यालय नगरपालिका परिषद पनागर प्रदीप पटैल भीम भैया अध्यक्ष नगरपालिका पनागर , अभिमन्यु चैक गोवर्धन खेटपाल पूर्व नगरमण्डल अध्यक्ष, आजाद चैक अजीत चैधरी समाजसेवी, कमानिया गेट शैलेन्द्र साहू नगरमण्डल अध्यक्ष पनागर, गॉधी स्मारक सीताराम कुशवाहा विनोवाभावे वार्ड पनागर, कांग्रेस शताब्दी शिवकुमारी राजकुमार वंशकार पार्षद, इंद्रिरा स्मृति स्मारक व्ही.पी. मिश्रा एवं डॉ, अम्बेडकर की मूर्ति स्थल बस स्टैंड बाबू खान (मौलाना वार्ड) के द्वारा ध्वजारोहण किया जाना है। बैठक में अन्य निर्णय लिऐ जैसे सभी शैक्षणिक संस्थाऐ प्रातः 8:00 बजें अपनी-अपनी शालाओं में ध्वजारोहण करेगी तत्पश्चात सभी शालाऐं पूर्वानुसार ध्वारोहण के लिए स्थलों में उपस्थित रहेगी।

इसके साथ शैक्षणिक संस्थाओं में पढने वाले छात्र-छात्राओं को पूर्वनुसार इस बर्ष भी नगरपालिका के द्वारा मिष्ठान वितरण किया जावेगा। बैठक में प्रदीप पटैल भीम भैया अध्यक्ष नगरपालिका पनागर , उपाध्यक्ष महेन्द्र चक्रवर्ती, आनंद जैन मिचू, विधायक प्रतिनिधि ,अकुर जैन, अनिल गौतम पूर्व मण्डल अध्यक्ष, संजय श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष विमल जैन पत्रकार, पार्षद दीपांशु नामदेव, प्रियंका शर्मा, तुलसीराम कुशवाहा, मोना रजक, मुकेश वंशकार, प्रमोद पटैल, मुकेश गोटिया, शीतल बेडीलाल कुशवाहा, रोहित यादव, बहादुर राय, राजेश तिवारी, सुरेश पटैल, रामनिवास गौतम ,संतोष सैनी, पवन पटैल एवं अशीष शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, राजस्व प्रभारी अमित सेन, अन्य उपस्थि रहे है।

## बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**रीवा देशबन्धु।** जिला मुख्यालय के सगरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तो वहीं दूसरे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना सुबह लगभग 10.30 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों बाइक सवार विपरीत दिशा से आ रहे थे। तभी अचानक दोनों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राम साकेत निवासी लालगांव के रूप में हुई है। जबकि दूसरा व्यक्ति प्रेम उपाध्याय बताया जा रहा है। जानकारी मिलने के बाद सरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से घायल सहित मृतक के शव को संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है।

मौके पर मिले दस्तावेजों के आधार पर घायल की पहचान प्रेम उपाध्याय नामक व्यक्ति के रूप में की गई जो बनारस का रहने वाला है। किसी व्यापार को शुरू करने के लिए बनारस से आज ही रीवा आया हुआ था और किसी की बाइक लेकर जनता कॉलेज के समीप आ रहा था। मृतक के शव सहित घायल को संजय गांधी अस्पताल भेज दिया गया है।

## जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा बहाल करने का हो प्रयास : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, ( एजेंसियां )।** नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने संसद में महत्वपूर्ण उपस्थिति रखने वाले राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर उनसे जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाली का प्रयास करने का आग्रह किया है। अब्दुल्ला ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने औपचारिक तौर पर कई दलों से संपर्क किया है और संसद के चालू सत्र में विधेयक पेश करने के लिए उनके समर्थन का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा, मैंने संसद में बड़ी संख्या में माननीय सांसदों वाले सभी दलों को पत्र लिखकर उनसे जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के वादे को पूरा करने में मदद करने का अनुरोध किया है। यह वादा जनसभाओं, संसद और यहां तक कि उच्चतम न्यायालय में भी किया गया था। अब हम चाहते हैं कि यह वादा पूरा हो। राज्य का दर्जा बहाली किसी व्यक्ति, पार्टी या सरकार का मसला नहीं है, बल्कि यह जम्मू-कश्मीर के लोगों के प्रति एक प्रतिबद्धता है। अब्दुल्ला ने राज्य का दर्जा बहाल करने पर सुनवाई आठ अगस्त को सूचीबद्ध करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया।

### भारत पर और अधिक टैरिफ लगाने की तैयारी में अमेरिका

# ट्रंप को है मास्को से मिलने वाले रिजल्ट का इंतजार

**न्यूयॉर्क,** (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ मास्को में रूसी नेताओं के साथ बैठक के लिए मौजूद हैं। इस बैठक का परिणाम यह निश्चित करेगा कि डोनाल्ड ट्रंप रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर कितना टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप बैठक के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार दोपहर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कल रूस के साथ हमारी बैठक है। देखते हैं क्या होता है, हम उस समय इस पर फैसला लेंगे। ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि वह अगले 24 घंटों के भीतर भारत पर भारी टैरिफ लगाएंगे, लेकिन दोपहर में पत्रकारों से बात करते हुए उनके बयान से ऐसा लग रहा था कि अगर यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत में कोई प्रगति होती है, तो वह इस धमकी को टाल सकते हैं।

**यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत में प्रगति होने पर धमकी को टाल सकते है ट्रंप**



एक पत्रकार द्वारा रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की उनकी धमकी की याद दिलाए जाने पर, अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे इनकार किया। उन्होंने कहा कि मैंने कभी प्रतिशत नहीं कहा, लेकिन हम काफी हद तक ऐसा करेंगे। 14 जुलाई को उन्होंने कहा था कि अगर 50 दिनों में कोई समझौता नहीं होता है, तो तेल खरीदारों पर द्वितीयक टैरिफ के रूप में जाना जाने वाला टैरिफ 100 प्रतिशत होगा। ट्रंप ने 50 दिनों की समय सीमा को घटाकर 12 दिन कर दिया है, जो इस सप्ताह समाप्त हो जाएगी।

ट्रंप ने यह भी कहा है कि भारत अमेरिका से आयात पर शून्य शुल्क लगाएगा। उन्होंने कहा कि भारत अब तक के सबसे ज्यादा शुल्क से शून्य शुल्क पर आ गया है, और वे इसमें शामिल हो सकते हैं। लेकिन, यह पर्याप्त नहीं है क्योंकि वे तेल के साथ जो कर रहे हैं, वह अच्छा नहीं है। इसलिए पिछले सप्ताह घोषित 25 प्रतिशत शुल्क में दंडात्मक शुल्क भी जुड़ेगा। 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए एक टास्क फोर्स पर एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्होंने पांच महीनों में पांच युद्ध रोक दिए हैं, और वे चाहते हैं कि इसके बाद रूस-यूक्रेन का युद्ध भी सुलझ जाए। अपने चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप ने कहा था कि वह 24 घंटे के भीतर यूक्रेन युद्ध समाप्त कर देंगे।

### अमेरिकी विदेश विभाग ने टैरिफ धमकी पर भारत की प्रतिक्रिया पर टिप्पणी से किया इनकार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने भारत की उन प्रतिक्रियाओं पर टिप्पणी करने से मना कर दिया, जिनमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि मैं किसी अन्य देश की इस टिप्पणी पर कोई राय नहीं दूंगी कि वे क्या करेंगे या क्या नहीं करेंगे। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि मैं तो मुश्किल से यहां भी ऐसा कर पाती हूं। लेकिन उन्होंने भारत द्वारा तेल खरीद की आलोचना करते हुए कहा कि ट्रंप ही मार्गदर्शक हैं, और रूस जो कर रहा है और वे देश जो यूक्रेन के खिलाफ इस युद्ध में मदद कर रहे हैं, तो यह राष्ट्रपति ट्रंप पर निर्भर करेगा कि वे कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। ट्रंप के बयान के बाद आयोजित नियमित ब्रीफिंग में ब्रूस ने पत्रकारों से बात करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी।



### भारत-रूस के बीच रक्षा साझेदारी को और बढ़ाने पर चर्चा

**मॉस्को।** रूस के उप रक्षा मंत्री कर्नल जनरल अलेक्जेंडर फोमिन ने बुधवार को रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार से मुलाकात की, जिसमें दोनों पक्षों ने भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के रूप में इस सहयोग को और मजबूत करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई। बयान में यह भी उल्लेख किया गया कि बैठक एक गर्मजोशी और मित्रता पूर्ण वातावरण में हुई, जो कि भारत-रूस संबंधों की पारंपरिक विशेषता रही है। भारत और रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में लंबे समय से गहरा और व्यापक सहयोग रहा है, जिसे दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की अध्यक्षता वाले भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग द्वारा मार्गदर्शित किया जाता है। दोनों देशों के बीच एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की आपूर्ति, टी-90 टैंकों और सुखोई-30 एमकेआई की लाइसेंस प्राप्त उत्पादन, मिग-29 और कामोव हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति, आईएनएस विक्रमादित्य (पूर्व में एडमिरल गोर्शकोव), भारत में एके-203 राइफल्स और ब्रह्मोस मिसाइलों के उत्पादन सहित कई द्विपक्षीय परियोजनाएं जारी हैं।



## आज का इतिहास

1509 – विजय नगर सम्राज्य के सम्राट के रूप में महाराज कृष्णदेव राय की ताजपोशी।
1549 – फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1609 – वेनिस की सीनेट ने गैलिलियो द्वारा तैयार दूरबीन का निरीक्षण किया।
1763 – वर्षों के संघर्ष के बाद अंतत- कनाडा फ्रांस के अधिकार से स्वतंत्र हुआ।
1864 – जिनेवा में रेड क्रॉस की स्थापना।
1876 – थॉमस अल्वा एडिसन ने मिमियोग्राफ का पेटेंट कराया।
1899 – ए.टी. मार्शल ने रेफ्रीजरेटर का पेटेंट कराया।
1900 – बोस्टन में पहली डेविस कप श्रृंखला की शुरूआत।
1908 –शास्त्रीय संगीत गायिका सिद्धेश्वरी देवी का जन्म।
1919 – ब्रिटेन ने अफगानिस्तान की आजादी को मंजूरी दी।
1942 – महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की।
1947 – पाकिस्तान ने अपने राष्ट्रीय ध्वज को मंजूरी दी।

## सुडोकू 6998

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 8 | 6 | | | | | |
| | | 9 | 2 | 1 | | | 6 | |
| 2 | | | | | 8 | | 4 | |
| | | | 9 | | | 8 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 4 | | | 2 | | | |
| | 7 | | 8 | | | | | 3 |
| | 3 | | | 7 | 5 | 9 | | |
| | | | | | 3 | 6 | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### श्रीनगर में एनआईए ने की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकवाद के मामले में चल रही जांच के सिलसिले में यहां इखराजपोरा इलाके में एक घर पर छापे मारे। एनआईए के अधिकारीयों ने बताया कि छापेमारी कोट भलावल जेल में बंद एक ओवर ग्राउंड वर्कर के घर पर की गई। अभियान में एनआईए के साथ स्थानीय पुलिस भी शामिल थी।

### गुरदीप सिंह ने पटेल से की शिष्टाचार भेंट

**गांधीनगर।** नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बुधवार को गांधीनगर में शिष्टाचार भेंट की। पटेल के साथ शिष्टाचार मुलाकात बैठक में सिंह ने रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, न्यूक्लियर और पम्प्ड स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में एनटीपीसी और गुजरात के बीच पारस्परिक हित की परियोजनाओं में सहयोग के अवसर बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री के साथ इस मुलाकात के दौरान एनटीपीसी की सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सरित माहेश्वरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### पूर्व अन्नाद्रमुक विधायक कार्तिक द्रमुक में हुए शामिल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में पुडुकोट्टई राजघराने से ताल्लुक रखने वाले पूर्व अन्नाद्रमुक विधायक कार्तिक वी.आर.थोंडईमान बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे कर सत्तारुढ़ द्रमुक में शामिल हो गए। कार्तिक यहां अन्ना अरिवालयम में द्रमुक अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंत्री व पार्टी नेता मौजूद थे। कार्तिक अन्नाद्रमुक छोड़कर द्रमुक में शामिल होने वाले दूसरे नेता हैं। इससे पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद अनवर राजा ने 2026 के विस चुनावों के लिए अन्नाद्रमुक के भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन के विरोध में पार्टी छोड़ दी थी।

### महाराष्ट्र में भाजपा नेता की फर्म से की धोखाधड़ी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में एक व्यक्ति ने खुद को पुलिस उपनिरीक्षक बताकर भाजपा नेता मोहित कंबोज की बुलियन फर्म से कथित तौर पर 2.13 लाख रुपए के सोने के सिक्के लेकर फरार हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि इस अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति ने खुद को उपनिरीक्षक सागर शिंदे बताया और दो सोने के सिक्कों का ऑर्डर दिया। उसने दावा किया कि वह अपने वरिष्ठ अधिकारी को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन यह सिक्के उपहार स्वरूप देना चाहता है।

## रूस के लिए लड़ रहे पाकिस्तान व चीन के भाड़े के सैनिक : जेलेंस्की

**कीव,** (एजेंसियां)। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि चीन और पाकिस्तान के भाड़े के सैनिक रूसी सेना के साथ लड़ रहे हैं।



जेलेंस्की का यह बयान वोवचांस्क दिशा में लड़ रहे यूक्रेनी सैनिकों से मुलाकात के बाद आया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के सैनिकों ने युद्ध में चीन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, पाकिस्तान और अफ्रीकी देशों के भाड़े के सैनिकों की भागीदारी का उल्लेख किया है और जवाब देने की कसम खाई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जेलेंस्की ने लिखा, आज, मैं वोवचांस्क क्षेत्र में हमारे देश की रक्षा करने वालों के साथ था। हमने कमांडरों से अग्रिम मोर्चे की स्थिति, वोवचांस्क की रक्षा और युद्ध की गतिशीलता के बारे में बात की। इस क्षेत्र में हमारे सैनिक युद्ध में चीन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, पाकिस्तान और अफ्रीकी देशों के भाड़े के सैनिकों की भागीदारी की सूचना दे रहे हैं। हम इसका जवाब देंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने देश के लिए लड़ने वाले सैनिकों का आभार व्यक्त किया और उन्हें राजकीय पुरस्कार प्रदान किए। स्थानीय मीडिया प्लेटफॉर्म यूक्रिनफॉर्म के मुताबिक, 5 अगस्त को अग्रिम मोर्चे पर रूस और यूक्रेन की सेनाओं के बीच कुल 143 मुठभेड़ हुईं, सबसे भीषण लड़ाई पोक्रोवस्क सेक्टर में हुई।

## ईरान ने हजारों अफगान शरणार्थियों को वापस भेजा

**काबुल,**(एजेंसियां)। ईरान ने लंबे समय से कृषि, निर्माण और कुशल व्यवसायों जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हजारों अफगान शरणार्थियों को वापस भेज दिया है। बड़ी संख्या में अफगानों की अचानक वापसी से अफगानिस्तान की कमजोर अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ रहा है। रोजगार के अवसरों और आवश्यक सहायता सेवाओं की भारी कमी देखी जा रही है।

ईरान के कृषि क्षेत्र में चार साल तक काम करने वाले अफगान प्रवासियों में से एक, अब्दुल रहीम ने कहा कि अगर उनके देश में रोजगार के अवसर उपलब्ध हों, तो वह अपने कौशल से अपने छह सदस्यों वाले परिवार का भरण-पोषण कर सकते हैं।

अफगान मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज ने रहीम के हवाले से कहा कि हम अब अपने देश लौट आए हैं। हम ईरान में कृषि संबंधी कार्य करते थे। अगर यहां कृषि क्षेत्र में अवसर मिलता है, तो मुझे खुशी होगी।

एक अन्य अफगान प्रवासी ने कहा कि अगर ईरान में हमने जो काम किया, वह हमारे देश में उपलब्ध होता, तो हम कभी ईरान नहीं जाते। ईरानी सरकार और वहां के लोगों ने हमारे साथ बुरा व्यवहार किया। हमने वहां घर किराए पर लिए, और वे हमें हमारी मजदूरी नहीं देते।



**अफगानिस्तान रोजगार बाजार पर बढ़ा दबाव**

हाल ही में, अफगान शरणार्थी मामलों के आयोग के प्रवक्ता अहमदुल्लाह वसीक ने अफगान प्रवासियों के साथ दुर्व्यवहार के लिए ईरानी सरकार की निंदा की और उनसे निर्वासन प्रक्रिया के लिए अफगान सरकार के साथ समन्वय करने का आग्रह किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संगठनों से शरणार्थी मामलों के आयोग के साथ समन्वय करके लौटने वालों के लिए मानवीय सहायता बढ़ाने का आह्वान किया।

## बांग्लादेश में चुनाव कराने की मुहम्मद यूनुस की घोषणा पर राजनीतिक दल बंटे

**ढाका,** (एजेंसियां)। बांग्लादेश में कई प्रमुख राजनीतिक दलों ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस द्वारा आम चुनावों की तारीख की घोषणा पर मतभेद व्यक्त किए हैं।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने रमजान से पहले चुनाव कराने के फैसले का स्वागत किया है। वहीं, नेशनल सिटिजन्स पार्टी ने निष्पक्ष और स्वीकार्य चुनाव कराने पर संदेह जताया है। प्रमुख बांग्लादेशी अखबार जुगंतोर ने बीएनपी नेता सलाहुद्दीन अहमद के हवाले से कहा कि कई लोगों ने चुनाव कार्यक्रम को लेकर झिझक जताई थी। मुख्य सलाहकार की घोषणा के साथ झिझक अब दूर हो गई है। हमें उम्मीद है कि अगला चुनाव निष्पक्ष, स्वतंत्र और दुनिया में सबसे ज्यादा प्रशंसित होगा। बीएनपी पूरे देश और लोगों से तैयारी करने का आह्वान करती है। एनसीपी ने चुनाव पर मुख्य सलाहकार की घोषणा पर असंतोष जताते हुए कहा कि जुलाई चार्टर के लागू होने से पहले यह फैसला नहीं लिया जाना चाहिए था। पार्टी ने कहा कि बिना किसी स्पष्ट सुधार और जुलाई चार्टर के कार्यान्वयन के राष्ट्रीय चुनावों की एकतरफा घोषणा जुलाई की आकांक्षाओं के विपरीत है।



■ **मौजूदा हालात को देखते हुए निष्पक्ष व स्वीकार्य चुनाव की कल्पना करना मुश्किल**

## कैलिफोर्निया के जंगलों में भीषण आग, सैकड़ों इमारतों पर मंडरा रहा खतरा

**लॉस एंजिल्स,** (एजेंसियां)। मध्य कैलिफोर्निया के जंगल में लगी आग ने अब तक 82,000 एकड़ (लगभग 332 वर्ग किलोमीटर) से ज्यादा इलाके को अपनी चपेट में लिया है। यह आग पिछले पांच दिनों से भयानक रूप ले चुकी है और सैकड़ों इमारतों को खतरा बना हुआ है।



अमेरिकी वन सेवा और कैलिफोर्निया के वानिकी व अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार, 'गिफोर्ड फायर' नाम की यह जंगल की आग शुक्रवार दोपहर उस समय भड़क उठी, जब कैलिफोर्निया हाईवे के पास चार अलग-अलग जगहों पर आग लग गई और उन्होंने मिलकर एक विकराल आग का रूप धारण कर लिया। यह आग अब सैन लुइस ओबिस्पो और सांता बारबरा काउंटी में सांता लूसिया रोड के पास फैल रही है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि आग की चपेट में आने से 870 से ज्यादा इमारतें खतरे में हैं।

## वर्ग पहेली 6998



**बायें से दायें:-**

१. अकेले रहने या विचरने वाला एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला, संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०.स्वेच्छारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बढ़ाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेने देन में खरा न हो(उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पगडंडी
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं या राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा, मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम,, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. जिद

### वर्ग पहेली-6997

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | जा | २ त | श | ३ त्रु | | ४ ध | म | ५ रा | ज |
| नि | | र | | ६ टि | क | ना | | जि | |
| ७ वा | जि | ब | | ही | | त्म | | ८ त | ९ म |
| र्य | | त | | १० न | र्त | क | | | दि |
| | ११ प | र | १२ ख | | | | १३ ज | खी | रा |
| | गा | | दि | | १४ सं | ग्र | ह | | पा |
| १५ स | र | १६ का | र | | क | | १७ र | १८ स | न |
| र्व | | र | | १९ अ | ल्प | २० ना | | लि | |
| २१ प | रा | ग | | र्च | | २२ म | त | ल | २३ ब |
| ल्ली | | २४ र | ण | ना | य | क | | | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**चिंताजनक** *संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने सूडान में युद्ध विराम पर दिया जोर*

# अल फशर शहर में लोग पशुओं का चारा खाने को मजबूर

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )। सूडान के अल फशर शहर में भुखमरी का सामना कर रहे परिवारों तक सहायता पहुंचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने सूडान में युद्ध विराम पर जोर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के कार्यालय ( ओसीएचए ) ने मंगलवार को कहा कि वह बड़े पैमाने पर सहायता पहुंचाने के लिए क्षेत्र में जारी हिंसक संघर्ष में ढील चाहता है। ओसीएचए के मुताबिक अल फशर शहर में छिटपुट गोलाबारी जारी है और स्थिति बेहद गंभीर है। सामान्य नागरिक सशस्त्र समूहों के बीच हालिया झड़पों का खामियाजा भुगत रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के अवर महासचिव टॉम फ्लेचर ने कहा कि उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी अल फशर में भुखमरी का खतरा बढ़ रहा है।**

■ **सशस्त्र समूहों के बीच झड़पों का खामियाजा भुगत रहे सामान्य नागरिक**

ओसीएचए कार्यालय ने कहा कि सूडान में मानवीय जरूरतें बढ़ती जा रही हैं। सहायता के लिए हम दानदाताओं से आर्थिक मदद बढ़ाने का आग्रह करते हैं।

सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक अल फशर में असुरक्षा, बीमारी, भूख, बाढ़ और विस्थापन के कारण मानवीय जरूरतें बढ़ रही हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने कहा कि व्यापार मार्ग बंद होने और अल फशर में आपूर्ति लाइनें अवरुद्ध होने के कारण, पारंपरिक रोटी और दलिया बनाने में इस्तेमाल होने वाले ज्वार और गेहूं जैसे बुनियादी खाद्य पदार्थों की कीमत शहर में सूडान के बाकी हिस्सों की तुलना में 460 प्रतिशत तक अधिक हो गई है।



डब्ल्यूएफपी ने कहा कि युद्ध के दौरान भूखे लोगों को गर्म भोजन उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय समूहों द्वारा स्थापित बहुत कम सामुदायिक रसोई अभी भी काम कर रही हैं। इसके बावजूद कुछ परिवार जीवित रहने के लिए पशुओं का चारा और खाद्य अपशिष्ट खा रहे हैं। एजेंसी के मुताबिक शहर में हिंसा, लूटपाट और यौन उत्पीड़न की घटना में वृद्धि हुई है। इसका बड़ा खामियाजा महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है।

अध्ययन से पता चलता है कि महिला-प्रधान परिवारों को पुरुष-प्रधान परिवारों की तुलना में गंभीर खाद्य असुरक्षा का तीन गुना अधिक जोखिम होता है। महिला-प्रधान परिवारों में से तीन-चौथाई बुनियादी खाद्य जरूरतें पूरी नहीं कर पाती हैं। केवल 1.9 प्रतिशत को ही भोजन उपलब्ध हो पाता है, जबकि पुरुष-प्रधान परिवारों में यह संख्या 5.9 प्रतिशत है।

अध्ययन यह भी दर्शाता है कि राष्ट्रीय स्तर पर 73 प्रतिशत महिलाएं न्यूनतम आहार जरूरतों का पालन नहीं करती हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को खतरा है। ओसीएचए ने कहा कि दारफुर क्षेत्र में हैजा का प्रसार जारी है। सिर्फ उत्तरी दारफुर में जून के अंत से 3,600 से अधिक मामलों की सूचना है।

# खेल जगत

## लक्ष्य को हासिल करने की भूख पैदा करें नवोदित खिलाड़ी: ललित उपाध्याय



**आजमगढ़,** 7 अगस्त (एजेंसियां) वर्ष 2020 और 2024 ओलंपिक में दो बार भारत को कांस्य पदक दिलाने वाली हॉकी टीम का हिस्सा रहे ललित उपाध्याय ने नवोदित खिलाड़ियों को सलाह दी कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिये ऐसी तड़प और भूख होनी चाहिये कि लक्ष्य भी बौना पड़ जाये। तरवां चौरी बेलहा पी जी कालेज में एकेडमी के बच्चों से मिलने पहुंचे ललित उपाध्याय ने कहा कि संसाधन भले सीमित हो,लेकिन सपने असीमित होने चाहिए। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए खिलाड़ी के पास भूख होनी चाहिये। इन प्रयासों से वह अपना मुकाम हासिल कर लेगा । गोल करने की अद्भुत क्षमता वाले एक स्वाभाविक प्लेमेकर, ललित उपाध्याय ने कहा कि इन खिलाड़ियों और एकेडमी को संचालित करने वाले प्रबंधक प्रभाकर सिंह से मिलकर बहुत खुश हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह बच्चे अगर पूरे जज्बे के साथ इस खेल को खेलते रहे तो यह भी एक दिन नेशनल इंटरनेशनल और ओलंपिक खेल में शिरकत करेंगे ।

# शुभमन गिल को सौंपी गई नॉर्थ जोन टीम की कमान

### 15 सदस्यीय टीम में अर्शदीप सिंह, अंशुल कंबोज और हर्षित राणा को शामिल किया गया




**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की। अब गिल को आगामी दलीप ट्रॉफी के लिए नॉर्थ जोन टीम की कमान सौंपी गई है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 28 अगस्त से होने जा रही है। शुभमन गिल ने इंग्लैंड दौरे पर पांच मुकाबलों में 65.57 की औसत के साथ 754 रन बनाए। शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' खिताब से नवाजा गया।

शुभमन गिल के अलावा, इस 15 सदस्यीय टीम में अर्शदीप सिंह, अंशुल कंबोज और हर्षित राणा शामिल हैं। अंशुल कंबोज ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। राणा इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत 'ए' की ओर से खेले, लेकिन अर्शदीप को इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में खेलने का मौका नहीं मिल सका। गुरुवार को जोनल सेलेक्शन कमेटी ने घोषणा करते हुए बताया कि अगर गिल, अर्शदीप और राणा में से किसी को भी दलीप ट्रॉफी के साथ होने वाले मैचों के लिए भारतीय टीम में चुना जाता है, तो सर्विसेज के शुभम रोहिल्ला, पंजाब के गुरनूर बरार और हरियाणा के अनुज ठकराल को मुख्य टीम में शामिल किया जाएगा। टीम इंडिया 9-28 सितंबर के बीच टी20 एशिया कप खेलेगी। नॉर्थ जोन की टीम के अन्य प्रमुख सदस्यों में दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बडोनी और बल्लेबाज यश ढुल शामिल हैं, जिन्होंने 2022 अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भारत की कप्तानी की थी।

दलीप ट्रॉफी छह टीमों वाले जोनल फॉर्मेट में खेली जाएगी, जिसके साथ 2025/26 घरेलू क्रिकेट सीजन की शुरुआत होगी। नॉर्थ जोन अपने अभियान की शुरुआत ईशान किशन की अगुवाई वाले ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले से करेगा। विजेता टीम सेमीफाइनल में साउथ जोन से भिड़ेगी।

**नॉर्थ जोन की टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उप-कप्तान), आयुष बडोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी और कन्हैया वधावन (विकेटकीपर)।

## विक्टोरिया म्बोको ने कैनेडियन ओपन के फाइनल में जगह बनाई



■ विक्टोरिया म्बोको इस प्रतिष्ठित इवेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली चौथी कनाडाई खिलाड़ी बनी

**मॉन्ट्रियल,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा की युवा टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको कैनेडियन ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। 18 साल की म्बोको ने नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6(4) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। म्बोको ने फाइनल में पहुंचने के साथ-साथ एक अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वह ओपन एरा में एक ही डब्ल्यूटीए इवेंट में तीन पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियनों (रयबाकिना, कोको गॉफ, और सोफिया केनिन) को हराने वाली पहली कनाडाई खिलाड़ी बन गई हैं।

विक्टोरिया म्बोको इस प्रतिष्ठित इवेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली चौथी कनाडाई खिलाड़ी बनी हैं। उनसे पहले फेय अर्बन (1968 और 1969), विकी बर्नर (1969) और बियांका एंड्रीस्कू (2019) ने फाइनल में जगह बनाई थी। साथ ही म्बोको फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। म्बोको की वाइल्डकार्ड एंट्री हुई थी। ऐसे में वाइल्डकार्ड खिलाड़ी के रूप में टूर्नामेंट में एंट्री करने और ओपन ऐरा फाइनल में जगह बनाने वाली वह तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले वाइल्डकार्ड खिलाड़ी के रूप में मोनिका सेलेस (1995) और सिमोना हालेप (2015) ने फाइनल में जगह बनाई थी। जीत से बेहद उत्साहित विक्टोरिया म्बोको ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'टाईब्रेकर में हर पाइंट मायने रखता है। मुझे इसका ध्यान था। मैं कोर्ट में ज्यादा से ज्यादा गेंदें डालना चाहती थी और जितना हो सके उतनी ताकत लगाना चाहती थी। मैच के दौरान बहुत तनावपूर्ण

## ऑस्ट्रेलिया महिला-ए टीम ने इंडिया-ए को 13 रनों से हराया



**मकाय,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। अनिका लीरॉइड (नाबाद 50) के बाद एमी एडगर और सियाना जिंजर (दो-दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया महिला ए टीम ने गुरुवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंडिया ए को 13 रनों से हरा दिया।

138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद धीमी रही और उसने चौथे ओवर की पहली गेंद पर शेफाली वर्मा (तीन) का विकेट गंवा दिया। उस समय टीम का स्कोर 13 रन था। इसके बाद धारा गुज्जर (सात), दिनेश वृंदा (पांच) रन बनाकर आउट हुई। 12वें ओवर में उमा छेत्री (31) रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुई। इसके बाद राघवी बिष्ट और कप्तान राधा यादव ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी हुई।

17वें ओवर में सियाना जिंजर ने राघवी बिष्ट को आउट कर इंडिया ए के मैच जीतने की उम्मीदों को झटका दिया। राघवी बिष्ट ने 20 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 33 रनों की पारी खेली। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की और भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 124 रन ही बना सकी और 13 रनों से मुकाबला हार गई। राधा यादव ने 22 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 26 रन बनाये। सजीवन सजना सात रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से एमी एडगर और सियाना जिंजर ने दो-दो विकेट लिये। टेस फ्लिंटॉफ ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां इंडिया ए टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में अनिका लीरॉइड 44 गेंदों में (नाबाद 50) की अर्धशतकीय पारी के दम पर छह विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। एलिसा हीली ने 18 गेंदों में (27), तालिया विल्सन (17), कोर्टनी वेब (11) और कप्तान निकोल फॉल्टम (11) का योगदान दिया। इंडिया ए की ओर

## अजित कुमार की रेसिंग टीम में नारायण कार्तिकेयन का स्वागत



कार्तिकेयन शामिल होना सम्मान की बात: अजित

चेन्नई, 7 अगस्त (एजेंसियां)। साउथ इंडिया के मशहूर अभिनेता अजित कुमार ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में 33 साल का सफल सफर पूरा किया। अब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार रेसिंग की दुनिया में भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने अपनी रेसिंग टीम में नारायण कार्तिकेयन को शामिल किया है। बता दें कि नारायण कार्तिकेयन भारत के ड्राइविंग क्षेत्र में दिग्गज हैं। उनका कार रेसिंग की दुनिया में एक बड़ा नाम है। नारायण कार्तिकेयन के टीम में शामिल होने पर खुशी जताते हुए अजित कुमार ने कहा, 'नारायण का हमारी टीम में शामिल होना हमारे लिए गर्व की बात है। उनके साथ रेसिंग करना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब जब नारायण हमारे साथ हैं, तो 'एशियन ले मैन्स सीरीज' हमारे लिए और भी खास बन गई है।' वहीं नारायण कार्तिकेयन ने अजित कुमार की टीम से जुड़ने पर कहा, 'मैं अजित को कई सालों से जानता हूं, और अब उन्हें प्रोफेशनल रेसिंग करते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। मैं उनके साथ आने वाली 'एशियन ले मैन्स सीरीज' में भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हूं और आगे के इस शानदार सफर का इंतजार कर रहा हूं।' बता दें कि अजित कुमार ने सिर्फ फिल्मों में ही नहीं, बल्कि कार रेसिंग की दुनिया में भी कमाल कर दिखाया है। अजित ने इस साल

## जिम्बाब्वे पहली पारी में महज 125 रन पर ढेर

न्यूजीलैंड बनाम जिम्बाब्वे



■ जैक फौल्कस ने 16 ओवरों में 38 रन देकर चार विकेट चटकाए

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच बुलावायो में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है, जिसके पहले दिन महज 48.5 ओवरों के खेल में कीवी टीम ने मेजबान देश को 125 रन पर ढेर कर दिया। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे को अपना ही फैसला भारी पड़ गया। मेजबान टीम ने खाता खुलने के तुरंत बाद ब्रायन बेनेट (0) का विकेट गंवा दिया। यहां से ब्रैंडन टेलर ने टीम को संभालने की कोशिश शुरू की। उन्होंने निक वेल्च (11), सीन विलियम्स (11) और कप्तान क्रेग इर्विन (7) के साथ छोटी-छोटी साझेदारियां कीं। ब्रैंडन टेलर 107 गेंदों में छह चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा तफादजवा सिगा ने 54 गेंदों में नाबाद 33 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को सम्मानजनक स्कोर तक नहीं पहुंचा सके। न्यूजीलैंड की तरफ से मैट हैनरी ने 15 ओवरों में 40 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए, जबकि जैक फौल्कस ने 16 ओवरों में 38 रन देकर चार विकेट चटकाए। शेष एक विकेट मैथ्यू फिशर के नाम रहा। जिम्बाब्वे के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। टीम ने इसी मैदान पर सीरीज का पहला टेस्ट नौ विकेट से गंवा दिया था। उस मुकाबले में जिम्बाब्वे की टीम पहली पारी में 149 रन पर सिमट गई थी। पहली पारी में मैट हैनरी ने छह विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 307 रन बनाते हुए 158 रन की लीड हासिल की थी।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ एक भी टेस्ट नहीं हारा है न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच 7 अगस्त से बुलावायो में 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। पहला मैच जीतकर न्यूजीलैंड सीरीज में 1-0 से आगे है। न्यूजीलैंड ने कभी भी जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच नहीं गंवाया है। न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच 1992 में पहला टेस्ट खेला गया था। पिछले 33 सालों में दोनों टीमों के बीच 18 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इसमें 12 मैचों में न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की है। शेष 6 मैच ड्रॉ रहे हैं। ऐसे में दूसरे टेस्ट मैच से पहले जिम्बाब्वे का आत्मविश्वास जहां डिगा हुआ है, वहीं न्यूजीलैंड आत्मविश्वास से भरी

मेजबान टीम अपनी दूसरी पारी में 165 रन पर ढेर हो गई, जिसके बाद न्यूजीलैंड को जीत के लिए महज आठ रन का टारगेट मिला। मेहमान टीम ने इसे महज 2.2 ओवरों में हासिल

## मीराबाई चानू जन्मदिन विशेष : भारोत्तोलन में भारत का नाम रोशन करने वाली एथलीट



**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। मीराबाई चानू भारतीय खेल जगत का चमकता हुआ नाम हैं। उन्होंने ओलंपिक में भारोत्तोलन में देश को पहला पदक दिलाया था।

मीराबाई चानू का जन्म 8 अगस्त 1994 को इम्फाल, मणिपुर में हुआ था। उनका पूरा नाम सैखोम मीराबाई चानू है। लेकिन, खेल जगत में वह 'मीराबाई चानू' के नाम से ही प्रसिद्ध हैं। एक बेहद साधारण परिवेश से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम बनाने और सफलता अर्जित करने वाली मीराबाई चानू देश के लाखों खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं। मीराबाई चानू ने 12 साल की उम्र में भारोत्तोलन का अभ्यास करना शुरू किया था। उन्हें परिवार का बड़ा सहयोग मिला था। चानू को पहली बड़ी सफलता 2014 में ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में मिली थी, जब उन्होंने सिल्वर जीता था। इस सफलता के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा है।

2018 में गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स और 2022 में बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने गोल्ड जीता था। 2017 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी उन्होंने गोल्ड जीता था। चानू को सबसे बड़ी सफलता 2020 टोक्यो ओलंपिक में मिली, जब उन्होंने 49 किग्रा कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता था। वह भारोत्तोलन में पदक जीतने वाली देश की पहली एथलीट बनीं। इस सफलता से उन्होंने न सिर्फ देश का मान बढ़ाया, बल्कि दुनियाभर में बड़ी लोकप्रियता हासिल की। पेरिस ओलंपिक में मीराबाई चानू को सफलता नहीं मिली थी।

मीराबाई चानू को उनकी सफलता के लिए भारत सरकार ने 2018 में खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया था। 2018 में ही उन्हें पद्मश्री से

## सीपीएल 2025 : डेविड विसे सेंट लूसिया किंग्स की कप्तानी करेंगे



**नई दिल्ली**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। सीपीएल 2024 की विजेता सेंट लूसिया किंग्स ने आगामी सीजन (सीपीएल 2025) के लिए नामीबिया के अनुभवी ऑलराउंडर डेविड विसे को कप्तान बनाया है। सीपीएल के आगामी सीजन की शुरुआत 14 अगस्त से हो रही है। डेविड विसे ने पिछले सीजन में सेंट लूसिया किंग्स को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। विसे ने 11 मैचों में 168.05 के स्ट्राइक रेट और 40.33 की महत्वपूर्ण औसत से 121 रन बनाने के साथ 13 विकेट लिए थे। कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद दिए बयान में डेविड विसे ने कहा, 'सेंट लूसिया किंग्स और सभी प्रशंसकों का विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। कप्तान चुने जाने पर मुझे बेहद खुशी है। इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। हम सीजन में जोश, दिल और एकता के साथ खेलेंगे।' उन्होंने कहा कि प्रशंसकों, स्टेडियमों को भरने, माहौल को बेहतर बनाने और सेंट लूसिया को नीले रंग से रंगने के लिए हमें आपके साथ की जरूरत है। सेंट लूसिया किंग्स सीजन में अपने अभियान की शुरुआत 23

## सार संक्षेप

### लियोनल मेसी को आमंत्रित करने पर केरल सरकार के 13 लाख बेकार

**तिरुवनंतपुरम।** अर्जेंटीना के विश्व प्रसिद्ध फुटबॉलर लियोनल मेसी को राज्य में लाने से संबंधित केरल सरकार का एक दावा भ्रामक साबित हुआ है। केरल सरकार ने दावा किया था कि लियोनल मेसी को लाने के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग नहीं किया गया है, जो गलत साबित हुआ है। दरअसल, केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान सितंबर 2024 में मेसी को आमंत्रित करने के उद्देश्य से स्पेन गए थे। उनके साथ खेल विभाग के सचिव और खेल एवं युवा मामलों के निदेशक भी थे। इस यात्रा पर 13 लाख रुपए खर्च हुए थे। यह खुलासा खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान के उस बयान का खंडन करता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि लियोनल मेसी को केरल आमंत्रित करने में सरकार को 'एक रुपया' भी खर्च नहीं करना पड़ेगा।

### आईएसएल अनिश्चितता के बीच चेन्नईयिन एफसी ने फुटबॉल संचालन रोका

**नई दिल्ली।** दो बार की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन चेन्नईयन एफसी ने लीग के भविष्य को लेकर जारी अनिश्चितता के चलते क्लब के संचालन को अस्थायी रूप से निलंबित करने का ऐलान किया है। क्लब ने बुधवार को यह घोषणा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर की। क्लब ने कहा, 'ऐसे फैसले कभी आसान नहीं होते। हमारा यह फैसला लंबे विचार-विमर्श और गहन समीक्षा के बाद लिया गया है। चेन्नईयन एफसी ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने इस कदम से जुड़े मानवीय प्रभाव को भी गंभीरता से समझा है। बयान में कहा गया, 'भारतीय फुटबॉल में एक हिस्सेदार होने की चुनौतियां सभी को पता हैं। इंडियन सुपर लीग के भविष्य को लेकर जारी अनिश्चितता के मद्देनजर, चेन्नईयन एफसी ने क्लब संचालन को अस्थायी रूप से रोकने का बेहद कठिन फैसला लिया है।

### 11 नेशनल फ्रीडाइविंग रिकॉर्ड के साथ अर्चना शंकर नारायणन ने रचा इतिहास

**चेन्नई।** भारत की अग्रणी फ्रीडाइवर अर्चना शंकर नारायणन ने 1 से 3 अगस्त तक इंडोनेशिया में आयोजित मनाडो एपनिया प्रतियोगिता में दो नेशनल रिकॉर्ड तोड़कर एक और उपलब्धि हासिल की है। अर्चना ने कॉन्स्टेंट वेट बाय-फिन्स (सीडब्ल्यूटीबी) श्रेणी में 38 मीटर और कॉन्स्टेंट वेट (सीडब्ल्यूटी) श्रेणी में 40 मीटर की गहराई तक पहुंचकर इतिहास रच दिया। वह प्रतिस्पर्धी फ्रीडाइविंग प्रतियोगिता में 40 मीटर की गहराई पार करने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। यह उपलब्धि अर्चना को भारत की सबसे गहरी फ्रीडाइव करने वाली महिला के रूप में और मजबूत करती है। अब उनके नाम कुल 11 नेशनल टाइटल का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। मनाडो प्रतियोगिता इस वर्ष उनकी तीसरी और कुल मिलाकर पांचवीं डेप्थ प्रतियोगिता थी।

# पाकिस्तान का पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत करने को लेकर असमंजस बरकरार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



अभी हमारी पाकिस्तान हॉकी टीम के पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत करने को लेकर आधिकारिक रूप से कोई फैसला नहीं लिया गया है। इस बाबत पाकिस्तान सरकार ही अंतिम फैसला लेगी: तारीक बुगती अध्यक्ष, पाकिस्तान हॉकी संघ

हमने ओलंपिक चार्टर की सभी प्रक्रियाओं का पालन किया: महासचिव, हॉकी इंडिया

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। पाकिस्तान के भारत में राजगीर (बिहार) में 29 अगस्त से सात सितम्बर तक होने वाले पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करने को लेकर असमंजस बरकरार है। पाकिस्तान हॉकी संघ (पीएचएफ) के अध्यक्ष तारीक बुगती हालांकि भारतीय मीडिया की पाकिस्तान के पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत नहीं करने से इस तरह रिपोर्ट का खंडन कर रहे हैं। लाहौर से आ रही खबरों के मुताबिक बुगती ने वहां पाकिस्तानी मीडिया से बात करते हुए कहा,'अभी हमारी पाकिस्तान हॉकी टीम के पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत करने को लेकर आधिकारिक रूप से कोई फैसला नहीं लिया गया है। इस बाबत पाकिस्तान सरकार ही अंतिम फैसला लेगी। यह फैसला पीएचएफ का नहीं है और इस बाबत पाकिस्तान सरकार का फैसला ही आखिरी फैसला होगा।' मेजबान भारत सहित पुरुष हॉकी एशिया में जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, मलेशिया, पाकिस्तान, ओमान और चीनी ताइपे सहित आठ टीमों को शिरकत करनी है।

राजगीर में होने वाला पुरुष हॉकी एशिया कप अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। हॉकी एशिया कप का विजेता सीधा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा। भारत के एशिया कप जीत सीधे हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद है। पाकिस्तान यदि 2025 के पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत नहीं करने आता है तो उसे ही सबसे ज्यादा नुकसान है। हालांकि पाकिस्तान हॉकी टीम बुरे दौर से गुजर रही है उसके एशिया कप में कोई उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है।

जब पाकिस्तान के हॉकी एशिया कप में शिरकत करने को ले बने असमंजस की बाबत हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह से पूछा गया तो उन्होंने साफ साफ कहा, 'हम ओलंपिक चार्टर का पूरी शिद्दत से पालन करते हैं। हॉकी इंडिया ने ओलंपिक चार्टर के मुताबिक हॉकी एशिया कप के लिए भी सभी प्रक्रियाओं का पालन किया। हमारी भारत सरकार पाकिस्तान हॉकी टीम और उसके सभी खिलाड़ियों को वीजा तक देने को तैयार थी। हमने इसी के तहत पाकिस्तान सहित इसमें शिरकत करने आने वाली सभी टीमों को ओलंपिक चार्टर की प्रक्रिया के तहत न्योता भेजा था। अब यह टीमों को तय करना है कि वह हॉकी एशिया कप में शिरकत करने भारत आना चाहती हैं या नहीं?

जब भोलानाथ सिंह से खासतौर पर पाकिस्तान के पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत करने को लेकर स्थिति साफ करने की बाबत पूछना चाहा तो उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहूंगा कि हमने सभी टीमों के लिए ओलंपिक चार्टर का पूरी शिद्दत से पालन किया है फिर चाहे वह पाकिस्तान हो, जापान या कोई अन्य टीम। वह फिर बोले आप पाकिस्तान की टीम के एशिया कप में शिरकत करने को लेकर इतनी ज्यादा तवज्जो देना ही क्यों चाहते हैं।

दरअसल पहलगाम में 26 निर्दोष सैलानियों की उनका धर्म पूछ कर पाकिस्तानियों आतंकियों द्वारा की गई निर्मम हत्या के बाद भारत ने जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' कर 11 एयरबेस को लगभग बर्बाद कर दिया था और इससे पूरा पाकिस्तान ही खौफ में है। ऐसे में राजगीर में हॉकी एशिया कप में अपनी टीम को न भेजने के लिए पाकिस्तान ने बेवजह सुरक्षा कारणों का हवाला देकर इसमें शिरकत न करने के लिए बहाने बाजी में जुटा है। बुगती ने कहा, 'हमारी न तो पहले और न ही अब तक हॉकी इंडिया से कोई बात हुई है। ऐसे में भारत यह कैसे कहा जा सकता है कि पाकिस्तान ने पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत करने से इनकार कर दिया। पुरुष हॉकी एशिया में शिरकत करने

# [ अर्थ जगत

## रुपया 16 पैसे की तेजी के साथ 87.72 प्रति डॉलर पर बंद

मुम्बई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने बुधवार को शुद्ध रूप से 4,999.10 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।डॉलर में उतार-चढ़ाव और भारतीय रिजर्व बैंक के ब्याज दर को स्थिर रखने के फैसले से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरकर 16 पैसे की मजबूती के साथ 87.72 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, नकारात्मक घरेलू शेयर बाजार और भारत पर अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं ने स्थानीय मुद्रा के लाभ को सीमित किया।



# ज्वैलरी से लेकर जूते-कपड़े तक... ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ का भारत के किस सेक्टर पर क्या होगा असर?

*नई दिल्ली। ट्रेड डील में विफलता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है, जो गुरुवार से प्रभावी हो चुका है. इसके अलावा, रूस से तेल खरीदने के चलते भारत पर दंडस्वरूप 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ भी लगाया गया है, जो 27 अगस्त से लागू होगा. इस प्रकार भारत पर कुल अमेरिकी टैरिफ बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा, जिससे द्विपक्षीय व्यापार पर गहरा असर पड़ सकता है।*



**किस सेक्टर पर क्या असर?-** वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारत और अमेरिका के बीच कुल 131.8 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ है, जिसमें से 86.5 बिलियन डॉलर का भारत ने निर्यात किया, जबकि 45.3 बिलियन डॉलर का आयात किया गया. टैरिफ बढ़ने के बाद जिन सेक्टर्स पर सबसे अधिक असर पड़ने की आशंका है, उनमें प्रमुख हैं- कपड़ा (10.2 बिलियन डॉलर), हीरे और आभूषण (12 बिलियन डॉलर), चमड़े के उत्पाद (1.18 बिलियन डॉलर), झींगा मछली (2.24 बिलियन डॉलर), कैमिकल्स (2.34 बिलियन डॉलर) और इलेक्ट्रिकल मशीनरी (9 बिलियन डॉलर). जानकारों के अनुसार, इन क्षेत्रों से अमेरिका को होने वाला निर्यात 40 से 50 प्रतिशत तक घट सकता है, क्योंकि टैरिफ बढ़ने से भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाएंगे और प्रतिस्पर्धी देशों के सस्ते उत्पादों को वरीयता मिलने लगेगी.

कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री ने इस फैसले पर चिंता जताई है और कहा है कि यह भारत के कपड़ा उद्योग के लिए एक बड़ा झटका है. पहले से ही कई चुनौतियों का सामना कर रहे इस उद्योग की स्थिति अमेरिकी बाजार में और भी कमजोर हो सकती है. गौरतलब है कि भारतीय कपड़ा निर्यात में 59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, लेकिन अब इसमें गिरावट की आशंका है. इसी तरह मशीनरी पर 51.3 प्रतिशत, फर्नीचर पर 52.3 प्रतिशत और आभूषणों पर 51.1 प्रतिशत टैरिफ ने भारतीय निर्यातकों को बड़ी चोट पहुंचाई है. इसकी वजह ये है कि भारत से निर्यात होने वाले सामान अमेरिका में महंगे हो जाएंगे. ऐसे में वहां पर भारतीय सामानों के मुकाबले जिन देशों के सस्ते सामान मिलेंगे, अमेरिका में उसका उपभोग बढ़ेगा.

**किस सेक्टर से कितना एक्सपोर्ट?-** कोलकाता के एक समुद्री मछली निर्यातक का कहना है कि टैरिफ बढ़ने के बाद अमेरिकी बाजार में झींगा मछली की कीमत काफी बढ़ जाएगी। जानकारों का कहना है कि पहले से ही भारतीय झींगा मछली पर 2.49 प्रतिशत एंटी-डंपिंग ड्यूटी और 5.77 प्रतिशत काउंटरवेलिंग ड्यूटी लगती है. अब 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगने के बाद कुल शुल्क 33.26 प्रतिशत हो जाएगा, जिससे प्रतिस्पर्धा में बने रहना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

इसी तरह से मशीनरी पर 51.3 प्रतिशत टैरिफ, फर्नीचर पर 52.3 प्रतिशत और सोने के सामान और जवाहरात पर 51.1 प्रतिश टैरिफ भी भारत के निर्यातकों को गहरा चोट दिया है.कोलकाता के एक समुद्री मछली निर्यातक कारोबारी का कहना है कि अमेरिकी बाजार में नए टैरिफ के बाद झींगा मछली महंगी हो जाएगी. जानकारों का कहना है कि भारत की झींगा मछली पर पहले से ही 2.49 प्रतिशत एंटी डंपिंग ड्यूटी और 5.77 प्रतिशत काउंटरवेलिंग ड्यूटी है. ऐसे में 25 प्रतिशत और टैरिफ बढ़ने के बाद यह बढ़कर 7 अगस्त से 33.26 प्रतिशत हो गया है।

# अमेरिका के टैरिफ से स्वर्ण आभूषण उद्योग पर संकट

## कारीगरों की आजीविका पर मंडराया खतरा

*नई दिल्ली। अमेरिका की ओर से स्वर्ण आभूषण क्षेत्र पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने के फैसले पर उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने अपनी चिंता व्यक्त की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार देर रात रूसी तेल आयात को लेकर भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की, यह 27 अगस्त से लागू होने वाला है। इससे भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका ने कुल 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है।*



**आभूषण क्षेत्र के लिए बड़ा झटका-** अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के अध्यक्ष राजेश रोकड़े ने इस फैसले को स्वर्ण आभूषण क्षेत्र के लिए बड़ा झटका कहा है। उन्होंने कारीगरों के लिए गंभीर परिणामों की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यह उच्च टैरिफ न केवल हमारे उत्पादों को अमेरिकी बाजार में कम प्रतिस्पर्धी बनाती है, बल्कि गंभीर रूप से हजारों कुशल कारीगरों की आजीविका को खतरे में डालती है। वे अपनी आजीविका के लिए निर्यात मांग पर निर्भर हैं।

**सांस्कृतिक विरासत नष्ट होने का खतरा-** कुल मिलाकर 50 प्रतिशत टैरिफ से व्यापक पैमाने पर रोजगार छिनने का खतरा है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्थाएं अस्थिर होंगी। साथ ही यह एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के नष्ट होने का खतरा है। रोकड़े ने सरकार से आग्रह किया कि वे इन कारीगरों की रक्षा करने के लिए जरूरी कदम उठाएं।

**कुशल कारीगरों की आजीविका पर सवाल-** जीजेसी के उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता ने भारतीय रुपये पर दबाव सहित व्यापक आर्थिक प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह फैसला हमारे उत्पादों को अमेरिकी बाजार में कम प्रतिस्पर्धी बनाता है। हजारों कुशल कारीगरों, जिनमें से कई हाशिए के समुदायों से हैं, की आजीविका को खतरे में डालता है। वे छोटी-छोटी कार्यशालाओं और पारिवारिक उद्यमों के माध्यम से भारत की सदियों पुरानी आभूषण शिल्पकला को बनाए रखते हैं।

**वित्त वर्ष 2024 में निर्यात 22 अरब डॉलर रहा-** वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात 22 अरब डॉलर रहा। इसके 2027 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत हीरे का शीर्ष वैश्विक निर्यातक और सोने का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। रत्न और आभूषण निर्यात अप्रैल 2024 में 2.26 अरब डॉलर से 10.74 प्रतिशत बढ़कर अप्रैल 2025 में 2.5 अरब डॉलर हो गया। अमेरिका को रत्न और आभूषण निर्यात 11 अरब डॉलर होने का अनुमान है।

# अब चिप के ऊपर 100 प्रतिशत टैरिफ बम!

## भारत में क्या होगा असर?

*नई दिल्ली। अमेरिका में कंप्यूटर चिप्स बनाने वाली कंपनियों को आयात कर से छूट दी जाएगी। कोविड-19 महामारी के दौरान कंप्यूटर चिप्स की कमी ने ऑटोमोबाइल की कीमतों में वृद्धि की और मुद्रास्फीति को बढ़ावा दिया।*



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह कंप्यूटर चिप्स पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। अगर ऐसा हुआ तो अमेरिका में डिजिटल युग को गति देने वाले प्रोसेसर पर निर्भर इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो-मोबाइल, घरेलू उपकरणों और दूसरे जरूरी उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं।

ट्रंप ने एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी टिम कुक के साथ बैठक के दौरान कहा, हम चिप्स और सेमी कंडक्टर पर लगभग 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। उन्होंने साथ ही जोड़ा, लेकिन अगर आप अमेरिका में निर्माण कर रहे हैं, तो कोई शुल्क नहीं लगेगा। यह घोषणा ट्रंप के अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों को शुल्क से अस्थायी छूट देने के तीन महीने से भी अधिक समय बाद आई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में कंप्यूटर चिप्स बनाने वाली कंपनियों को आयात कर से छूट दी जाएगी। कोविड-19 महामारी के दौरान कंप्यूटर चिप्स की कमी ने ऑटोमोबाइल की कीमतों में वृद्धि की और मुद्रास्फीति को बढ़ावा दिया।

# टैरिफ चिंताओं के बीच हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

*मुम्बई। टैरिफ संबंधी अनिश्चितता के बावजूद भारतीय शयेर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में कारोबार के आखिरी घंटे में हुई खरीदारी के चलते तेजी लौटी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर लगे टैरिफ को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।*



## नए टैरिफ से बाजार में अनिश्चितता बरकरार

गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 79.27 अंक या 0.10 प्रतिशत उछलकर 80,623.26 अंक पर बंद हुआ। अधिकांश समय सूचकांक लाल निशान में रहा और 79,811.29 के निचले स्तर तक गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 21.95 अंक या 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,596.15 पर आ गया। सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयर हरे निशान पर बंद हुए जबकि 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 3 पैसे की गिरावट के साथ 87.69 (अस्थायी) पर पहुंच गया।

**अमेरिकी टैरिफ के एलान के बाद शेयरों पर दिखा दबाव, आखिरी सत्र में लौटी खरीदारी-** अमेरिका की ओर से भारत पर दो चरणों में 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के एलान के बाद गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान भारतीय शेयरों पर दबाव दिखा। लगभग पूरे दिन सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। हालांकि, आखिरी सत्र में घरेलू शेयर बाजार में खरीदारी लौटी और दोनों प्रमुख सूचकांक आखिरकार हरे निशान पर बंद हुए।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल-** सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इटरनल, एक्सिस बैंक, मारुति, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में लाभ रहा। वहीं अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी पिछड़ गए।

### सुबह के कारोबार में तेज गिरावट

सुबह करीब साढ़े नौ बजे, बीएसई पर 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 250 अंकों यानी की गिरावट के साथ 80,412.94 पर कारोबार कर रहा था. लेकिन फिर 454 अंक तक और नीचे गिर गया. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 50 भी कमजोर होकर 24,450 के पर लुढ़क कर आ गया. वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिका की इस टैरिफ नीति ने निवेशकों की धारणा पर नकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे घरेलू बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा है. इधर, राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ भारत पर नए टैरिफ के ऐलान के बाद आए दोनों देशों में व्यापारिक तनाव की वजह से सुरक्षित निवेश के चलते सोने की मांग में गुरुवार को तेजी आयी है।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 87.72 |
| एक यूरो | 101.97 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 116.93 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 63.55 |
| एक जापानी येन | 0.59 |


परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 82 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 92 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-100 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -74 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो


### सराफा बाजार


दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 104100 चांदी -119000

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 104100 चांदी -119000


### दाल- चावल भाव


महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 9500-10000, फाइन 105000-11000, एकस्ट्रा बोल्ड 11500-12000, चना दाल एवरेज 7200-7400 चना दाल मार्का 7300-7500, मसूर दाल एवरेज 7600-7700, मसूर दाल फाइन 8200-8300, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9500-10000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 11000-11200। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3200-3400, बेस्ट 3400-3600, बीपीटी चालू 4000-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5500-5600 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5000-5200, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 3500-4000, बेस्ट 4000-4200, मोगरा- 5000-5800, दुबार- 5500-6000, तिबार- 6000-7500, बासमती 7500-8500, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4350-4400, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।


### लोहा भाव


अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# ऑटो सेल्स को ट्रंप टैरिफ, छंटनी और बारिश से झटका!

## जुलाई में 4.3 प्रतिशत घटी बिक्री, फेस्टिव सीजन पर नजर

*नई दिल्ली। जुलाई में रिटेल ऑटोमोबाइल सेल्स में सालाना आधार पर 4.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका के टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितता, आईटी क्षेत्र में छंटनी और भारी बारिश ने कंज्यूमर सेंटीमेंट को प्रभावित किया।*



टू-व्हीलर्स की बिक्री 6.5 फीसदी और पैसेंजर व्हीकल्स की बिक्री करीब 1 फीसदी घटी। एफएडी ने कहा कि ट्रंप टैरिफ से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नौकरियों पर असर पड़ने की आशंका ने कंज्यूमर सेंटीमेंट कमजोर किया होगा। फाडा के अध्यक्ष सी एस विग्नेश्वर ने कहा, हम वास्तव में नहीं जानते कि ट्रंप के टैरिफ का इंडस्ट्री पर सेंटीमेंट के स्तर पर कितना असर होगा।

**जुलाई में कुल 19.6 लाख व्हीकल्स बिके** - फाडा के मुताबिक, जुलाई 2025 में कुल 19.6 लाख व्हीकल्स बिके, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह संख्या 20.5 लाख थी। लगातार तीन महीने की बढ़ोतरी के बाद रिटेल सेल्स में गिरावट दर्ज की गई। विग्नेश्वर ने कहा, भारत के ऑटो रिटेल सेक्टर ने जुलाई में ब्रेक लगा दिया। सालाना आधार पर कुल रिटेल सेल्स में 4.31 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट की मुख्य वजह जुलाई 2024 का हाई बेस है, जब एक तेज गर्मी के बाद जोरदार बारिश हुई थी, जिससे बिक्री प्रभावित हुई थी।

**थ्री-व्हीलर्स की बिक्री में मामूली ग्रोथ, रूरल डिमांड कमजोर-** फाडा के आंकड़ों के मुताबिक, थ्री-व्हीलर्स की बिक्री जुलाई में 0.83 फीसदी बढ़ी। टू-व्हीलर्स की बिक्री 6.48 फीसदी घटकर 13.6 लाख रही। फसल की बुवाई और भारी बारिश के चलते रूरल सेंटीमेंट प्रभावित हुई। डीलरों को उम्मीद है कि मॉनसून के बाद की अवधि में मांग में तेजी आएगी। त्योहारी सीजन से पहले स्ट्रैटेजिक स्टॉक प्लानिंग और रूरल-अर्बन मार्केट्स में फोकस अहम होगा।

**पैसेंजर व्हीकल्स की बिक्री घटी** - पैसेंजर व्हीकल्स की बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 0.81 फीसदी घटी। हालांकि मासिक आधार पर इसमें 10.38 फीसदी की ग्रोथ दर्ज की गई। नए मॉडल, अग्रेसिव रूरल मार्केटिंग और टारगेटेड स्कीम्स से बिक्री को सपोर्ट मिला। महीने के अंत तक रूरल डिमांड बढ़ी, लेकिन शहरी क्षेत्रों में इन्क्वायरी कम रही और कस्टमर सेंटीमेंट सुस्त रह। फाडा के मुताबिक, इन्वेंट्री का स्तर करीब 55 दिन पर स्थिर है। ऐसे में कंट्रोल्ड डिस्काउंट, आसान फाइनेंसिंग ऑप्शन और शहरी इलाकों में मार्केटिंग स्ट्रैटेजी पर फोकस रहेगा।

# टैरिफ वॉर बना सकता है भारत को नया पावरहाउस! आनंद महिंद्रा ने बताए गेमचेंजर आइडिया

**नई दिल्ली।** महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने दुनियाभर में चल रही टैरिफ जंग को भारत के लिए एक बड़े मौके के रूप में देखा है। उन्होंने इसे 1991 की तरह एक नए आर्थिक सुधार युग की शुरुआत का अवसर बताया है। महिंद्रा का मानना है कि इस समय दुनिया भर में जो मंथन हो रहा है, वह भारत के लिए अमृत बन सकता है। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका की टैरिफ वॉर (शुल्क युद्ध) के कारण दुनिया की प्राथमिकताएं धीरे-धीरे बदल रही हैं। उन्होंने कहा कि अभी इसका असर टकराव की तरह दिख रहा है, लेकिन लंबे समय में इसके अच्छे नतीजे भी सामने आ सकते हैं। आनंद महिंद्रा के मुताबिक, जर्मनी और फ्रांस जैसे यूरोपीय देश अब अपनी सुरक्षा पर ज़्यादा खर्च कर रहे हैं और इस पर फिर से सोच रहे हैं कि उन्हें किस पर निर्भर रहना चाहिए। इस बदलाव से यूरोप में नई आर्थिक ऊर्जा आ सकती है, जो आने वाले समय में दुनिया के विकास का नया रास्ता बन सकती है।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

मकान बेचना है
मिनी ड्यूप्लेक्स- 27 प्लाट 14x32.5= 450 वर्गफुट लगभग सुभाष नगर महाराजपुर महर्षि विद्या मंदिर के पीछे जबलपुर में बेचना है-
संपर्क: केदार प्रसाद बिजपुरिया
8109324186
9303003069
र.नं.- 1024

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


# राखी पर 17 हजार करोड़ के व्यापार का अनुमान, बहनों के प्यार से गुलजार हुआ बाजार

*नई दिल्ली। रक्षाबंधन का पर्व अब काफी नजदीक है और ये त्योहार इस साल 9 अगस्त को मनाया जाएगा। वहीं व्यापारिक संगठन कैट का अनुमान है कि इस वर्ष रक्षाबंधन पर पूरे देश में 17 हजार करोड़ रुपये का व्यापार हो सकता है। राखी के त्यौहार में केवल दो ही दिन रह गए हैं, लेकिन अभी से बाजार में इसको लेकर चहल पहल देखी जा रही है। राखी के त्यौहार की खरीदी को लेकर भारी भीड़ दिखाई दे रही है जिससे चारों तरफ उत्साह और ऊर्जा का माहौल है।*

**बाजार में नहीं दिख रही चीनी राखियां-** अनुमान के मुताबिक इस वर्ष देश भर में राखी त्यौहार पर लगभग 17 हजार करोड़ रुपए के व्यापार की उम्मीद है जबकि मिठाई, फल एवं गिफ्ट आदि के रूप में लगभग 4 हजार करोड़ रुपए का भी व्यापार होने की संभावना है। चीन की बनी हुई कोई भी राखी बाजार से पूरी तरह नदारद हैं।

**राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत राखियों से भरे बाजार-** चांदनी चौक से सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि इस बार रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का उत्सव नहीं रहेगा, बल्कि यह राष्ट्रप्रेम और आत्मनिर्भर भारत की भावना से भी ओत-प्रोत होगा।



इस बार राखियों में विशेष रूप से फौजियों को समर्पित राखियों की तरफ से एक भावनात्मक संदेश भी सभी शहरों में फौजियों को राखी बांधकर फैलाया जा रहा है।

**ऑपरेशन सिंदूर लिखीं आकर्षक राखियों की बाजार में मांग-** इस बार राखी के त्यौहार पर इनोवेशन वाली राखियों की धूम है जिसमें अन्य राखियों के अलावा वोकल फॉर लोकल से डिजिटल राखी तक तथा ऑपरेशन सिंदूर से लेकर मोदी राखी, आत्मनिर्भर भारत राखी, जय हिंद राखी, भारत माता की जय, विकसित भारत, वंदे मातरम राखी जैसी अनेक प्रकार की आकर्षक राखियों की बाजार में बड़ी मांग है।

**थीम बेस्ड और इको-फ्रेंडली राखियां की भी डिमांड-** वहीं दूसरी तरफ इस साल बाजारों में पारंपरिक राखियों के साथ नवाचार से भरी थीम बेस्ड राखियां धूम मचा रही हैं जिनमें इको- फ्रेंडली राखियां- मिट्टी, बीज, खादी, बांस व कपास से बनी राखी और कस्टमाइज राखियां- भाई-बहन की फोटो और नाम के साथ राखियों की धूम है।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# अंगदान से जीवन बचाने इस साल तीसरी बार बना ग्रीन कॉरिडोर

**जबलपुर,देशबन्धु।** गैस सिलेंडर डिलीवरी बॉय ने मृत्यु के बाद तीन व्यक्तियों को नया जीवन प्रदान किया। ब्रेन डेड होने के बाद उसका ऑपरेशन कर उसके हार्ट अहमदाबाद तथा लीवर को भोपाल भेजा गया। इसके अलावा उसकी किडनी जबलपुर में मरीज को ट्रांसप्लांट की जा रही है। बॉडी ऑर्गन डोनेट के लिए इस साल जबलपुर में तीसरी बार ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।

गैस डिलीवरी का कार्य करने वाले सत्येंद्र यादव उम्र 31 का गढ़ा थानान्तर्गत सूपाताल क्षेत्र में सोमवार शाम लगभग 5 बजे एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए शासकीय मेडिकल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। युवक का ब्रेन डेड होने के कारण डॉक्टरों ने अंग दान के लिए उसके परिजनों की काउंसलिंग की थी। काउंसलिंग के बाद पत्नी मीनाक्षी ,पिता तथा भाई ने अंगदान के लिए सहमति व्यक्त की।




## अहमदाबाद तथा भोपाल भेजे गये हार्ट तथा लीवर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डीन डॉ नवनीत सक्सेना ने बताया कि युवक का हार्ट अहमदाबाद तथा लीवर को भोपाल भेजा गया है। उसकी एक किडनी को जबलपुर में ट्रांसप्लांट किया जायेगा। युवक का ऑपरेशन मेदांता दिल्ली तथा भोपाल के सिद्धांत हॉस्पिटल से आई विशेष डॉक्टरों की टीम के द्वारा किया गया।

### निर्धारित था सुबह, भेजा गया शाम को

सीएसपी गढ़ा आशीष जैन ने बताया कि पुलिस व प्रशासन के डोनेट ऑर्गन मेडिकल कॉलेज से डुमना विमानतल तक भेजने के लिए 21 किलोमीटर लम्बा ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। अस्पताल से पहली एम्बुलेंस दोपहर 3.52 मिनट पर डुमना विमानतल के लिए रवाना हुई। इसके 15 मिनट बाद दूसरी एम्बुलेंस लीवन लेकर डुमना विमानतल के लिए रवाना हुई।

### फरवरी तथा मार्च में बन चुका है

इस साल ऑर्गन डोनेट के लिए तीसरी बार ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है। पुजारी बलीराम उम्र 61 का हार्ट तथा लीवर भोपाल पहुंचने के लिए 23 फरवरी को ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था। इसके बाद राज मिस्त्री पूरन लाल चौधरी की किडनी इंदौर पहुंचने के लिए 8 मार्च को ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था।

# रक्षाबंधन के कार्यक्रम में शामिल होंगे लोक निर्माण मंत्री

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शुक्रवार 8 अगस्त को शाम 4 से 6 बजे तक सिविल लाइन स्थित अपने निवास पर आयोजित रक्षाबंधन के कार्यक्रम में शामिल होंगे।


## आवश्यकता है

देशबन्धु

मशीन विभाग में कार्य करने हेतु मशीनमैन की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति पूरे विवरण एवं फोटो के साथ व्यक्तिगत सम्पर्क करेंः-

अच्छा वेतन योग्यतानुसार

कार्मिक प्रबंधक - 9424643421
श्रीजी प्रिंटर्स, दैनिक देशबन्धु, नौदरापुल, जबलपुर

श्रीजानकीरमण कला, वाणिज्य एवं फॉर्मेसी महाविद्यालय

म.प्र. शासन से मान्यता व अनुदान प्राप्त और रानीदुर्गावती वि.वि. एवं फॉर्मेसी काउंसिल से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय

प्रवेश प्रारंभ B.A. B.Com B.Pharma D.Pharma

बल्देवबाग के पास, आगा चौक, जबलपुर मोः 9243447119, 7869474006

## आवश्यकता है

देशबन्धु

2 पद - सिटी डेस्क में कार्य करने हेतु सह सम्पादक
1 पद - प्रथम पृष्ठ में कार्य करने हेतु सह सम्पादक
1 पद - प्रांतीय डेस्क में कार्य करने हेतु सह सम्पादक

सम्पादकीय कार्य का अनुभव एवं कम्प्यूटर का ज्ञान आवश्यक

इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति पूरे विवरण एवं फोटो के साथ व्यक्तिगत सम्पर्क करेंः-

अच्छा वेतन योग्यतानुसार

कार्मिक प्रबंधक -9425156056
दैनिक देशबन्धु, नौदरापुल, जबलपुर

सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 82
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 92
छोटा ब्रॉयलर - रु. 100
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 104
मुर्गा मीडियम - रु. 96
मुर्गा बड़ा - रु. 86
मुर्गा जम्बो - रु. 86
मो.-9039925000, 9425800409

XIDAS
Xavier Institute of Development Action and Studies, Jabalpur
XIMJ
Xavier Institute of Management, Jabalpur

BBA MBA BCA
Result: 100% First Division in 2024-25 BBA and MBA
ADMISSION OPEN
100% Placement Assistance in all PG Programs
PGDM Post Graduate Diploma in Management
PGDM-RM Post Graduate Diploma in Rural Management
4th Mile, Mandla Road, Tilhari, Jabalpur - 482 021 (MP)
Call /WhatsApp :9993345528, 7999687878, 9425162879, Website: www.ximj.ac.in, www.xidas.in

FOR PRIVATE SCREENING CALL +917999968989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889
WEDNESDAY OFFER Flat ₹90/- Condition apply
समदड़िया सिनेमा
BOOK YOUR TICKET & FOOD NO WhatsApp Samdareeya cinema +917999968989

SON OF SARDAAR 2: 10:15AM, 01:00PM, 03:45PM, 06:30PM, 08:00PM, 10:45PM
DHADAK2: 09:30AM, 01:30PM, 04:30PM, 07:30PM
FANTASTIC-4 FIRST STEPS 3D(hindi): 12:15PM
MAHAVATAR NARSIMHA 3D(hindi): 10:00AM, 12:30PM, 03:00PM, 05:30PM, 08:00PM, 10:30PM
SAIYAARA (HINDI): 10:30AM, 02:30PM, 05:15PM, 09:30PM
KINGDOM (HINDI): 10:15PM



# अंगदान से जीवन बचाने इस साल तीसरी बार बना ग्रीन कॉरिडोर

**जबलपुर,देशबन्धु।** गैस सिलेंडर डिलीवरी बॉय ने मृत्यु के बाद तीन व्यक्तियों को नया जीवन प्रदान किया। ब्रेन डेड होने के बाद उसका ऑपरेशन कर उसके हार्ट अहमदाबाद तथा लीवर को भोपाल भेजा गया। इसके अलावा उसकी किडनी जबलपुर में मरीज को ट्रांसप्लांट की जा रही है। बॉडी ऑर्गन डोनेट के लिए इस साल जबलपुर में तीसरी बार ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।

गैस डिलीवरी का कार्य करने वाले सत्येंद्र यादव उम्र 31 का गढ़ा थानान्तर्गत सूपाताल क्षेत्र में सोमवार शाम लगभग 5 बजे एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए शासकीय मेडिकल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। युवक का ब्रेन डेड होने के कारण डॉक्टरों ने अंग दान के लिए उसके परिजनों की काउंसलिंग की थी। काउंसलिंग के बाद पत्नी मीनाक्षी ,पिता तथा भाई ने अंगदान के लिए सहमति व्यक्त की।



## अहमदाबाद तथा भोपाल भेजे गये हार्ट तथा लीवर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डीन डॉ नवनीत सक्सेना ने बताया कि युवक का हार्ट अहमदाबाद तथा लीवर को भोपाल भेजा गया है। उसकी एक किडनी को जबलपुर में ट्रांसप्लांट किया जायेगा। युवक का ऑपरेशन मेदांता दिल्ली तथा भोपाल के सिद्धांत हॉस्पिटल से आई विशेष डॉक्टरों की टीम के द्वारा किया गया।

### निर्धारित था सुबह, भेजा गया शाम को

सीएसपी गढ़ा आशीष जैन ने बताया कि पुलिस व प्रशासन के डोनेट ऑर्गन मेडिकल कॉलेज से डुमना विमानतल तक भेजने के लिए 21 किलोमीटर लम्बा ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। अस्पताल से पहली एम्बुलेंस दोपहर 3.52 मिनट पर डुमना विमानतल के लिए रवाना हुई। इसके 15 मिनट बाद दूसरी एम्बुलेंस लीवन लेकर डुमना विमानतल के लिए रवाना हुई।

### फरवरी तथा मार्च में बन चुका है

इस साल ऑर्गन डोनेट के लिए तीसरी बार ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है। पुजारी बलीराम उम्र 61 का हार्ट तथा लीवर भोपाल पहुंचने के लिए 23 फरवरी को ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था। इसके बाद राज मिस्त्री पूरन लाल चौधरी की किडनी इंदौर पहुंचने के लिए 8 मार्च को ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था।

# रक्षाबंधन के कार्यक्रम में शामिल होंगे लोक निर्माण मंत्री

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शुक्रवार 8 अगस्त को शाम 4 से 6 बजे तक सिविल लाइन स्थित अपने निवास पर आयोजित रक्षाबंधन के कार्यक्रम में शामिल होंगे।


आवश्यकता है

देशबन्धु

मशीन विभाग में कार्य करने हेतु मशीनमैन की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति पूरे विवरण एवं फोटो के साथ व्यक्तिगत सम्पर्क करें:-
अच्छा वेतन योग्यतानुसार
कार्मिक प्रबंधक - 9424643421
श्रीजी प्रिंटर्स, दैनिक देशबन्धु, नौदरापुल, जबलपुर

श्रीजानकीरमण कला, वाणिज्य एवं फॉर्मेसी महाविद्यालय
म.प्र. शासन से मान्यता व अनुदान प्राप्त और रानीदुर्गावती वि.वि. एवं फॉर्मेसी काउंसिल से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय
प्रवेश प्रारंभ
B.A. B.Com B.Pharma D.Pharma
बल्देवबाग के पास, आगा चौक, जबलपुर मोः 9243447119, 7869474006

XIDAS Xavier Institute of Development Action and Studies, Jabalpur
XIMJ Xavier Institute of Management, Jabalpur
BBA MBA BCA
Result: 100% First Division in 2024-25 BBA and MBA
ADMISSION OPEN
100% Placement Assistance in all PG Programs
PGDM Post Graduate Diploma in Management
PGDM-RM Post Graduate Diploma in Rural Management
4th Mile, Mandla Road, Tilhari, Jabalpur - 482 021 (MP)
Call /WhatsApp :9993345528, 7999687878, 9425162879, Website: www.ximj.ac.in, www.xidas.in

आवश्यकता है

देशबन्धु

2 पद - सिटी डेस्क में कार्य करने हेतु सह सम्पादक
1 पद - प्रथम पृष्ठ में कार्य करने हेतु सह सम्पादक
1 पद - प्रांतीय डेस्क में कार्य करने हेतु सह सम्पादक
सम्पादकीय कार्य का अनुभव एवं कम्प्यूटर का ज्ञान आवश्यक
इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति पूरे विवरण एवं फोटो के साथ व्यक्तिगत सम्पर्क करें:-
अच्छा वेतन योग्यतानुसार
कार्मिक प्रबंधक -9425156056
दैनिक देशबन्धु, नौदरापुल, जबलपुर

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 82
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 92
छोटा ब्रॉयलर - रु. 100
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 104
मुर्गा मीडियम - रु. 96
मुर्गा बड़ा - रु. 86
मुर्गा जम्बो - रु. 86
मो.-9039925000, 9425800409

FOR PRIVATE SCREENING CALL +917999968989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889
WEDNESDAY OFFER Flat ₹90/- Condition apply
समदड़िया सिनेमा
BOOK YOUR TICKET & FOOD NO WhatsApp Samdareeya cinema +917999968989



SON OF SARDAAR 2: 10:15AM, 01:00PM, 03:45PM, 06:30PM, 08:00PM, 10:45PM
DHADAK2: 09:30AM, 01:30PM, 04:30PM, 07:30PM
FANTASTIC-4 FIRST STEPS 3D(hindi): 12:15PM
MAHAVATAR NARSIMHA 3D(hindi): 10:00AM, 12:30PM, 03:00PM, 05:30PM, 08:00PM, 10:30PM
SAIYAARA (HINDI): 10:30AM, 02:30PM, 05:15PM, 09:30PM
KINGDOM (HINDI): 10:15PM

